CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

मरूधर विशेष

Title Code-RAJHIN27921

Marudharvishesh@gmail.com

वर्षः 1 अंकः 50 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ :6 | मूल्यः 2 रुपए

छोटी-बड़ी खबरें...

मानसून की विदाई का ट्रेंड बदला

राजस्थान में पांच दिन ज्यादा रुकेगा, आज कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश के आसार

जयपुर। राजस्थान में पिछले कुछ दिनों से चल रहा बारिश का दौर आज थम गया है। पिछले 24 घंटे में भरतपुर-अलवर को छोड़कर प्रदेश में कही भी बरसात नहीं हुई। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो राज्य में 5 अक्टूबर तक मानसून की विदाई हो सकती है। राजस्थान में अब तक 592.5एमएम बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 37 फीसदी ज्यादा है। अब कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। बंगाल की खाड़ी से आए साइक्लोनिक सिस्टम के कारण राजस्थान में पिछले दिनों से चला बारिश का दौर थम गया। राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। वहीं पाकिस्तान, गुजरात से लगते हिस्से में एक एंटी साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने से राज्य में अब वापस वेस्टर्न विंड (पश्चिमी हवा) का प्रभाव बढ़ने लगेगा, जिससे तापमान में बढ़ोतरी होगी। मानसून की विदाई का जो ट्रेंड पिछले 3-4 साल से बना हुआ है, वह इस बार भी देखने को मिल सकता है। वर्तमान में जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर से मानसून विदा हो चुका है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो एक सप्ताह में राजस्थान के अन्य हिस्सों से भी मानसून की विदाई शुरू हो जाएगी।

संभावना है कि 4 या 5 अक्टूबर तक पूरे राजस्थान से मानसून की विदाई हो सकती है। इधर, मौसम विभाग की मानें तो राजस्थान से मानसून की विदाई 15 से 17 सितम्बर के बीच शुरू हो जाती है और राज्य से 30 सितम्बर तक मानसून के विदा होने की सामान्य तारीख मानी जाती है। पिछले 24 घंटे में अलवर, भरतपुर में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई। भरतपुर के रूपवास, नगर, अलवर के बहादुरपुर और धौलपुर के मनिया में 13 से 19 एमएम तक बरसात हुई।

भारत बोला- यूएस-पाक रिश्ते से किसी का भला नहीं हुआ

एफ-16 पैकेज देने पर जयशंकर ने कहा- सफाई देकर किसी को बेवकूफ नहीं बना सकते

वॉशिंगटन। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका और पाकिस्तान रिलेशन्स पर सवाल उठाए हैं। वॉशिंगटन में आयोजित इंडियन-अमेरिकन कम्युनिटी के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद के वॉशिंगटन के साथ संबंध अमेरिका के हित में नहीं हैं। जयशंकर ने कहा- अमेरिका और पाकिस्तान के जो रिश्ते हैं, उनसे न ही कभी पाकिस्तान को फायदा हुआ है और न ही अमेरिका को। अब स को इस बात पर चिंतन करना चाहिए की स को पाकिस्तान के साथ संबंध बरकरार रखने से क्या फायदा मिल रहा है। दोनों देशों के रिश्ते आने वाले समय में कितने मजबूत और फायदेमंद हो सकते हैं, इस पर विचार करना चाहिए। उनका ये बयान पाकिस्तान को एफ-16 फाइटर जेट के रखरखाव के लिए दिए गए पैकेज के बाद सामने आया है।

बाइडेन ने पलटा था ट्रंप का फैसला

अमेरिका ने 8 सितंबर को पाकिस्तान को एफ-16 फाइटर जेट के रखरखाव के लिए 45 करोड़ डॉलर, यानी 3,581 करोड़ देने की मंजूरी दी थी। ये पिछले चार साल में इस्लामाबाद को दी जाने वाली सबसे बड़ी सुरक्षा सहायता थी। इससे पहले तत्कालीन प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में पाकिस्तान को दी जाने वाली दो अरब डॉलर की वित्तीय सहायता पर बैन लगा दिया था। एफ-16 फाइटर जेट के रखरखाव के लिए दिए गए पैकेज की भारत में आलोचना हुई थी। इस पर अमेरिकी सरकार का कहना था कि ऐसा करके पाकिस्तान की मदद नहीं की है, बल्कि मौजूदा एफ-16 बेड़े के लिए स्पेयर पार्ट्स की बिक्री है। ऐसा आतंकवाद को रोकने के लिए किया गया। अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने बताया था- अमेरिका की वर्ल्डवाइड पॉलिसी है कि जब वह किसी देश को डिफेंस इक्विपमेंट्स देता है तो अंत तक उसके रखरखाव के लिए बाकी सहयोग भी मुहैया करवाता है। हम फाइटर जेट के विंग्स और इक्विपमेंट्स की सर्विसिंग की बात कर रहे हैं। ऐसे में यह बिक्री है, मदद नहीं।

सफाई देकर किसी को बेवकूफ न समझें- जयशंकर

अमेरिका की सफाई पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा- अगर आप कहते हैं कि आतंकवाद को रोकने के लिए ये कदम उठाया गया हो तो ऐसा कह कर आप किसी को बेवकूफ नहीं बना सकते हैं, क्योंकि आप एफ-16 जैसे ताकतवर विमान की बात कर रहे हैं। आप जानते हैं कि इन विमानों को कहां तैनात किया जा सकता है और इनसे कितनी तबाही मचाई जा सकती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा, यानी UNGA के 77वें सत्र में हिस्सा लेने के लिए 18 सितंबर को अमेरिका पहुंचे थे।

राजस्थान संकट पर सोनिया गांधी ने मांगी लिखित रिपोर्ट

गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष पद की रेस से हो सकते हैं बाहर, माकन और खड़गे ने सोनिया गांधी को सौंपी रिपोर्ट

नई दिल्ली। राजस्थान में सियासी संकट गहरा गया है. अशोक गहलोत गुट के विधायकों ने इस्तीफे का कार्ड चल दिया है तो वहीं संकट को संभालने में खुद गहलोत ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं. राजस्थान में चल रहे सियासी संकट के बीच अब नई दिल्ली में भी हलचल बढ़ गई है. राजस्थान संकट को लेकर अब खुद सोनिया गांधी एक्टिव मोड में आ गई हैं. राजस्थान के अगले मुख्यमंत्री का नाम तय करने के लिए जयपुर गए अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे विधायक दल की बैठक कराए बगैर ही दिल्ली लौट चुके हैं. अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी से मुलाकात कर उन्हें अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए 10 जनपथ पहुंचे. सोनिया गांधी के साथ अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे की बैठक खत्म हो गई है.

सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद 10 जनपथ से बाहर आए अजय माकन ने बैठक की बड़ी बातें बताई. उन्होंने कहा कि राजस्थान के पूरे घटनाक्रम को लेकर सोनिया गांधी को विस्तार से जानकारी दी गई. सोनिया गांधी ने लिखित में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. अजय माकन ने कहा कि हम सोनिया गांधी को लिखित रिपोर्ट आज रात से कल सुबह तक सौंप देंगे. इससे पहले, अजय माकन ने कहा था कि राजस्थान में जो कुछ घटनाएं घटी हैं उसके बारे में सोनिया गांधी को तफ्सील से जानकारी देंगे. राजस्थान के पिछले संकट के दौरान सफलतापूर्वक कांग्रेस की नैया पार कराने वाले केसी वेणुगोपाल भी 10 जनपथ पहुंच गए हैं. राजस्थान विधानसभा के पूर्व स्पीकर रामेश्वर डूडी भी 10 जनपथ पहुंचे हैं. कांग्रेस आलाकमान ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को भी फौरन दिल्ली पहुंचने के लिए कहा है.

कमलनाथ की गिनती उन नेताओं में होती है जिन्हें अशोक गहलोत का करीबी माना जाता है. ऐसे में माना ये भी जा रहा है कि कमलनाथ को दिल्ली बुलाकर सोनिया गांधी उन्हें राजस्थान कांग्रेस के संकट को लेकर अशोक गहलोत से बात करने के लिए कह सकती हैं. कमलनाथ राजस्थान संकट के समाधान के लिए मध्यस्थता कर सकते हैं.

एक तरफ दिल्ली के 10 जनपथ पर दिग्गजों का जमावड़ा हो रहा है तो वहीं जयपुर में भी सियासी हलचल तेज है. राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी गहलोत समर्थक एक्टिव हैं. विधायक गोपाल मीणा, रफीक खान, रोहित वोहरा, चेतन डुडे ने भी शांति धारीवाल के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की. शांति धालीवाल ने कहा है कि विधायक हमारे पास आ रहे हैं और इस्तीफा मंजूर करने का दबाव बना रहे हैं.

अध्यक्ष पद की रेस से बाहर होंगे गहलोत?- कांग्रेस के अध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया चल रही है और पार्टी के अगले अध्यक्ष की रेस में अशोक गहलोत को आगे माना जा रहा था. अशोक गहलोत को गांधी परिवार का करीबी माना जाता रहा है और राहुल गांधी ने साफ किया था कि एक व्यक्ति एक पद का उदयपुर डिक्लेरेशन अगले अध्यक्ष पर भी लागू होगा. अब इस तरह की खबरें भी आ रही हैं कि राजस्थान के ताजा संकट के बाद अशोक गहलोत अगले कांग्रेस अध्यक्ष की रेस से बाहर हो सकते हैं.

खड़े ट्रक से भिड़ी तेज रफ्तार कार

कोटा में आईआईटी कोचिंग कर रहे 4 स्टूडेंट्स समेत 5 की मौत

टोंक। टोंक में भीषण सड़क हादसे में आईआईटी की कोचिंग कर रहे चार छात्रों समेत 5 लोगों की मौत हो गई। 1 घायल को जयपुर रेफर किया गया है। सभी कार से हरिद्वार जा रहे थे तभी जयपुर-कोटा नेशनल हाइवे-52 पर उनकी कार बेकाबू हो गई और सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसा रविवार रात करीब एक बजे के आसपास हुआ। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें तेज रफ्तार कार ट्रक से टकराती दिखाई दे रही है। जानकारी के अनुसार कार से जा रहे पांच स्टूडेंट कोटा में रहकर आईआईटी की कोचिंग कर रहे थे। उन्होंने घूमने का प्लान बनाया था और हरिद्वार जाते समय सदर थाना क्षेत्र में बाड़ा जेरेकिला के पास उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया। ट्रक की बॉडी बनाने के कारखाने का चौकीदार भी उनकी कार की चपेट में आ गया। उसकी भी मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को मौके से हटाकर थाने में खड़ा कराया है। हेड कांस्टेबल कृष्णपाल ने बताया कि बाड़ा जेरेकिला के पास फोरलेन हाईवे पर कार के एक्सीडेंट की सूचना मिली तो पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां कोटा नंबर की एक कार ट्रक की बॉडी बनाने के कारखाने के पास खड़े ट्रक से टकराकर क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी थी। कार में बैठे 5 लोगों में से 4 लोग लहूलुहान हालत में पड़े मिले। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर टोंक के जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने अभिषेक पुत्र अवधेश कुमार, सूरज पुत्र सुनील और कारखाने के चौकीदार काली पलटन निवासी सादिक (40) को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल छात्र रोशन पुत्र रविंद्र कुमार, श्रेयांश उर्फ ज्ञानेश्वर और ऋषभ को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान रोशन और श्रेयांश उर्फ ज्ञानेश्वर की भी मौत हो गई।

मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन को बेल

वकील के कपड़ों में अदालत पहुंचीं, ताकि कोई पहचान न सके; अब सुनवाई 22 अक्टूबर को

नई दिल्ली। 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने 50 हजार रुपए के बेल बॉन्ड पर अंतरिम जमानत दी है। 26 सितंबर की सुनवाई के लिए जैकलीन वकील के कपड़ों में कोर्ट पहुंचीं, ताकि कोई उन्हें पहचान न सके। कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर के 200 करोड़ के जबरन वसूली केस में जैकलीन अहम गवाह हैं। जैकलीन की जमानत याचिका को लेकर कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एडिशनल सेशन जज शैलेंद्र मलिक ने कहा कि जब तक इसका जवाब नहीं मिलता है, तब तक उनकी रेगुलर बेल कोर्ट में पेंडिंग रहेगी। इस केस की अगली सुनवाई 22 अक्टूबर को होगी। इस केस में ईडी ने 17 अगस्त को एक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें जैकलीन को आरोपी बताया गया था। इस मामले में अदालत ने उन्हें समन भेजा, तभी जैकलीन के वकील ने उनकी जमानत की याचिका दायर की थी। इससे पहले भी इस केस को लेकर जैकलीन कई बार कोर्ट में पेश हो चुकी हैं।

सौम्या गुर्जर के खिलाफ बड़ा एक्शन ले सकती है सरकार:पार्षद और मेयर पद की सदस्यता खतरे में, सरकार को दिया 2 दिन समय पूरा हुआ

जयपुर। जयपुर नगर निगम ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर के खिलाफ गहलोत सरकार जल्द बड़ा एक्शन ले सकती है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने और आदेशों की कॉपी मिलने के बाद ऐसे कयास लगाए जा रहे है कि सौम्या को भी पार्षद और मेयर पद की सदस्यता से हटाया जा सकता है। सूत्रों की माने तो स्वायत्त शासन विभाग ने मेयर को पद से बर्खास्त करने प्रस्ताव भी तैयार कर लिया है। जल्द ही मंजूरी के लिए नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल को भिजवाया जा सकता है। वहीं, दूसरी तरफ मेयर के पास अब एक ही विकल्प बचा है और वे कल हाईकोर्ट जाकर न्यायिक जांच को चुनौती दे सकती है।

2 दिन का समय हुआ पूरा

23 सितम्बर को सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेशों में सरकार को 2 दिन तक किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं करने के लिए कहा था। 25 सितम्बर को वह दो दिन का समय पूरा हो गया है। आज सरकार कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है। हालांकि लॉ डिपार्टमेंट से जुड़े पूर्व विशेषज्ञों की माने तो कोर्ट के आदेशों में सौम्या गुर्जर को हाईकोर्ट जाने का भी अधिकार है। इधर जयपुर मेयर सौम्या गुर्जर के पास अब केवल हाईकोर्ट जाने का विकल्प बचा है। विधि विशेषज्ञ अशोक सिंह की माने तो सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश जारी किए है।

गुलाम नबी ने नई पार्टी का ऐलान किया

जम्मू-कश्मीर के लोगों ने उर्दू-संस्कृत में 1500 नाम भेजे थे, इनमें चुना 'डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी'

जम्मू/श्रीनगर। नवरात्रि के पहले दिन जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम नेता गुलाम नबी आजाद ने अपनी पार्टी का ऐलान कर दिया है। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी रखा है। आजाद ने बताया- मेरी नई पार्टी के लिए लगभग 1,500 नाम हमें उर्दू, संस्कृत में भेजे गए थे। हिन्दी और उर्दू का मिश्रण 'हिन्दुस्तानी' है। हम चाहते हैं कि नाम लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण और स्वतंत्र हो।

नई पार्टी का फ्लैग भी लॉन्च

गुलाम नबी आजाद ने जम्मू में प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी नई पार्टी का फ्लैग भी लॉन्च किया। मस्टर्ड, सफेद और नीले कलर से बने इस फ्लैग का संदेश काफी अच्छा है। मस्टर्ड कलर क्रिएटिविटी और यूनिटी को दर्शानता है। सफेद शांति को दर्शाता है और नीला स्वतंत्रता, खुली जगह, कल्पना और समुद्र की गहराई से आकाश की ऊंचाइयों तक की सीमाओं को दर्शाता है। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि नई पार्टी में उम्र की कोई सीमा नहीं होगी। युवा और दिग्गज पार्टी में एक साथ काम करेंगे।

आजाद ने 26 अगस्त को छोड़ी थी कांग्रेस

गुलाम नबी आजाद ने 26 अगस्त को कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। उनके बाद जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद सहित कई पूर्व मंत्रियों और विधायकों ने कांग्रेस छोड़ दी थी। कांग्रेस छोड़ने के साथ ही उन्होंने जम्मू-कश्मीर में नई पार्टी लॉन्च करने की घोषणा की थी। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर के लोग पार्टी का नाम और झंडा तय करेंगे। उन्होंने रैली में कहा था, 'मैंने अभी तक अपनी पार्टी के लिए नाम तय नहीं किया है। जम्मू-कश्मीर के लोग पार्टी का नाम और झंडा तय करेंगे। मैं अपनी पार्टी को एक हिंदुस्तानी नाम दूंगा जिसे हर कोई समझ सके।'

लखनऊ में तालाब में गिरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, 10 की मौत

प्रत्यक्षदर्शी बोले- बहुत तेज आवाज हुई, भागते हुए मौके पर पहुंचे और डूब रहे लोगों को बचाया

लखनऊ। लखनऊ से करीब 30 किमी. दूर इटौंजा में सोमवार सुबह बड़ा हादसा हुआ। कुम्हरावां रोड पर गद्दीपुरवा के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक के चक्कर में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली में ड्राइवर समेत करीब 47 लोग सवार थे। एसडीआरएफ और पुलिस के रेस्क्यू ऑपरेशन में 36 लोगों को बचा लिया गया। जबकि 10 लोग की जान नहीं बचाई जा सकी। मरने वालों में 8 महिलाएं और 2 बच्चे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मृतक के परिवार वालों को 4-4 लाख रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया है। सीतापुर के अटरिया इलाके के गांव तिकोई के लोग उनाई देवी मंदिर में चढ़ावा चढ़ाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली से मंदिर के लिए रवाना हुए थे। कुम्हारा रोड पर गद्दीपुरवा के पास ट्रक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। लेकिन रास्ता बहुत संकरा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। इसकी वजह ट्रैक्टर-ट्रॉली कच्ची मिट्?टी की तरफ उतर गया। ड्राइवर ट्रैक्टर नहीं संभाल सका और बगल के तालाब में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। इसके बाद चीख-पुकार मच गई। गांव के लोग मौके पर दौड़ कर पहुंचे। कुछ लोगों ने तालाब से लोगों को बाहर खींच लिया। 5-6 लोगों को बाहर निकाला गया। इसके बाद गांव के लोग तालाब में कूद गए। ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बचाने की कोशिशें शुरू हुईं। करीब 4 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया। पहले एक घंटे में करीब 12 घायलों को बाहर निकाला जा चुका था। उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। डीएम लखनऊ सूर्यपाल गंगवार और एसपी ग्रामीण ह्रदेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली।

पीएफआई ने खाड़ी देशों से जुटाए थे 120 करोड़ रुपए

आबू धाबी के रेस्तरां से चलता था मनी लॉन्ड्रिंग का पूरा खेल

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि पीएफआई के हजारों सदस्य खाड़ी देशों में एक्टिव हैं। जो संगठन के लिए धन जुटाने का काम करते हैं। इन पैसों को अबू धाबी के एक रेस्तरां से मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए भारत भेजा जाता था। ईडी के अनुसार पिछले साल पीएफआई ने मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए 120 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इन पैसों को लेकर पीएफआई का दावा था कि ये पैसे संगठन ने देश भर में दान के माध्यम से जुटाए हैं। जबकि ईडी ने बताया संगठन ने फर्जी दान रसीद बनाकर भारत में मनी लॉन्ड्रिंग के माध्यम से धन जुटाया और अधिकारियों को गुमराह किया। हाल ही में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (ईडी) ने पीएफआई 15 राज्यों में स्थित 93 ठिकानों पर छापा मारा था। इस दौरान करीब 106 लोगों की गिरफ्तारी भी की गई थी। इनमें से

केरल से गिरफ्तार पीएफआई के सदस्य शफीक पायथ को 22 सितंबर को लखनऊ की अदालत में पेश किया गया था। इस दौरान ईडी ने अपने रिमांड रिमांड एप्लिकेशन में पीएफआई के अकाउंट में पिछले एक साल में करीब 120 करोड़ रुपये जमा होने का जिक्र किया था। .

ऐसे होता था खेल

ईडी ने बताया, पीएफआई के कई पदाधिकारी, जो फिलहाल हिरासत में हैं, उन्होंने अबू धाबी के दरबार रेस्तरां को मनी लॉन्ड्रिंग और भारत में अवैध मनी ट्रांसफर के लिए डेन के रूप में इस्तेमाल किया। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहले से ही गिरफ्तार अब्दुल रजाक बीपी दरबार रेस्तरां के जरिए पीएफआई और संबंधित संस्थाओं की मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों को अंजाम देता था। इस काम मे उसका भाई उसकी मदद करता था, जो दरबार रेस्तरां के मैनेजमेंट का काम देखता था। शफीक पयेथ ने 2018 तक गल्फ थेजस डेली में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के रूप में दो साल तक काम किया। गल्फ थेजस डेली थेजस न्यूजपेपर की ब्रांच है जो इंटरमीडिया पब्लिशिंग लिमिटेड के अधीन थी।

दखल

भारतीय मत्स्यपालनः समृद्धि की ओर अग्रसर

मोदी सरकार 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के आदर्श वाक्य के साथ मछुआरों व महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। आज, जब हम पीएमएमएसवाई की दूसरी वर्षगांठ मना रहे हैं, भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र ने भविष्य के सुनहरे दिनों की ओर अपने कदम बढ़ा दिए हैं। यहां से, इस क्षेत्र को हमारे मछुआरे भाइयों और बहनों के लिए अधिक आय और खुशी पैदा करते हुए बस आगे ही बढ़ते जाना है।

न सिर्फ सभ्यता के विकास के चक्र में, बल्कि सभी प्रमुख प्राचीन सभ्यताओं की कहानियों में भी 'मछली' का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हमारे पुराणों में भगवान विष्णु के पहले अवतार 'मत्स्यावतार' का उल्लेख है। प्राचीन तमिलनाडु के खूबसूरत संगम साहित्य में मछुआरों के जीवन और घुमावदार नावों का विशद वर्णन है। सिंधु घाटी की खुदाई में मिले प्रमाण हमें प्राचीन भारत में व्यापक स्तर पर मत्स्यपालन के प्रसार की सराहना करने के लिए प्रेरित करते हैं। विस्तृत तटीयरेखाओं और विशाल नदियों वाला भारत मत्स्य संसाधनों के मामले में बेहद समृद्ध है। हमारी संस्कृति में शुरू से ही मछली और मछुआरों का एक केंद्रीय स्थान रहा है। आजादी के बाद मत्स्यपालन क्षेत्र का विकास विभिन्न राज्यों की पहल, प्राथमिकताओं और संसाधनों के अनुरूप अलग-अलग गति व दिशाओं में हुआ।

केंद्र सरकार की कम भागीदारी या उसके द्वारा अपर्याप्त निवेश (विभिन्न रिपोर्टों से यह संकेत मिलता है कि आजादी के बाद से लेकर 2014 तक केंद्र सरकार की ओर से मत्स्यपालन क्षेत्र के लिए महज 3682 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई थी) के कारण भारतीय मत्स्यपालन बेहद उपेक्षित रहा। बीमा, सुरक्षा किट, ऋण सुविधा, मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया और विपणन के मामले में बेहद कम सहायता उपलब्ध होने के बावजूद, भारत के साहसी मछुआरे जर्जर नौकाओं पर सवार होकर समुद्र में अपना उद्यम जारी रखते रहे। आजादी के 67 साल बाद भी करोड़ों भारतीयों के भोजन, पोषण और आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत माना जाने वाला यह क्षेत्र खुले समुद्र में बिना पतवार वाली एक नाव की तरह हो गया।

यह क्षेत्र अनगिनत समस्याओं और अनंत बाधाओं से जूझ रहा था। 2014 में, भारत की जनता ने तत्कालीन सरकार के भ्रष्टाचार, नीतिगत निष्क्रियताओं से तंग आकर निर्णय लिया और मत्स्यपालन से जुड़े लोगों के दर्द एवं राष्ट्र की नब्ज को समझ सकने वाले नेता नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में केंद्र में एक निर्णायक सरकार चुनी। मोदीजी ने जो सबसे पहला और महत्वपूर्ण काम किया, वह यह था कि उन्होंने केंद्र सरकार का ध्यान फिर से मत्स्यपालन क्षेत्र पर केन्द्रित किया। पिछले आठ वर्षों के दौरान कई अन्य पहलों के अलावा, नीली क्रांति योजना, मत्स्यपालन एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के रूप में मत्स्यपालन के क्षेत्र में 32,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। इन कदमों ने 'सुधार, प्रदर्शन एवं बदलाव' के मंत्र का पालन करते हुए बाधाओं को दूर किया और मत्स्यपालन के क्षेत्र की बेड़ियों को खोल दिया। इससे भारत के मछली उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि सुनिचित हुई। मछली का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2014-15 में 102 लाख टन से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 161 लाख टन हो गया। मोदी सरकार के पहले पांच वर्षों में मत्स्यपालन क्षेत्र औसतन 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा, जबकि यह वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2009-10 से लेकर 2013-14 तक 5.27 प्रतिशत थी।

चुनावी वादे को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मत्स्यपालन क्षेत्र के अधिक केंद्रित और समग्र विकास के लिए मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। वर्ष 2020 में, प्रधानमंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' के एक भाग के रूप में, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के माध्यम से भारतीय मत्स्यपालन के लिए अब तक के सबसे अधिक 20050 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की। पीएमएमएसवाई भारतीय मत्स्यपालन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली मुख्य प्रेरक शक्ति साबित हो रही है। वर्ष 2024-25 तक इस योजना में मत्स्य उत्पादों के उत्पादन, उत्पादकता और निर्यात में तेजी से वृद्धि करने की परिकल्पना की गई है। इसमें मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया में होने वाले नुकसान को काफी कम करने और मछली की खपत बढ़ाने की भी परिकल्पना की गई है। विभिन्न सुधारों और पहलों की वजह से भारतीय मत्स्यपालन के क्षेत्र में मुख्य बुनियादी ढांचे का विकास हुआ है।

विशेषकर, मछली पकड़ने के बंदरगाहों/लैंडिंग केंद्रों की स्थापना, मछुआरों के मछली पकड़ने के पारंपरिक शिल्प का आधुनिकीकरण व मोटरीकरण, गहरे समुद्र में जाने वाले जहाज, मछली पकड़ने के बाद की सुविधाओं की व्यवस्था, कोल्ड चेन, साफ एवं स्वच्छ मछली बाजार, बर्फ के बक्से वाले दो पहिया वाहन और कई अन्य बातों को बढ़ावा मिला है। मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की गई है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को पूरी तत्परता से लागू किया जा रहा है। डिजिटल इंडिया ने आयात के लिए स्वच्छता परमिट (एसआईपी) प्राप्त करने में लगने वाले समय को 45 दिनों से घटाकर केवल 48 घंटे कर दिया है। स्वीकृत स्रोतों से एसपीएफ श्रिम्प ब्रूडस्टॉक के आयात के लिए एसआईपी की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है, जिससे झींगा पालन से जुड़े सैकड़ों हैचरी को मदद मिली है। सरकार ने झींगा जलीय कृषि के लिए आवश्यक कई सामग्रियों पर लगने वाले आयात शुल्क को भी घटा दिया है, जिससे उनके निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिली है। मछुआरे हमारे गौरव हैं। मोदी सरकार 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के आदर्श वाक्य के साथ मछुआरों व महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है।

मत्स्यपालन के क्षेत्र का विविधीकरण किया जा रहा है। अब, तमिलनाडु की महिलाएं समुद्री शैवाल की खेती कर रही हैं, जबकि लक्षद्वीप की महिलाएं कृत्रिम मत्स्यपालन को विकसित कर रही हैं। हमारे असमिया मछुआरे ब्रह्मपुत्र में रिवर रैंचिंग को विकसित कर सकते हैं। उधर, आंध्र प्रदेश के उद्यमी जलीय कृषि में ठोस परिणाम देते हुए प्रति बूंद पर अधिक उत्पादन हासिल करते हैं। कश्मीर घाटी की युवा महिला उद्यमी ठंडे पानी की ट्राउट इकाइयां स्थापित कर रही हैं। हरियाणा की लवणयुक्त भूमि का उपयोग मत्स्यपालन के लिए किया जा रहा है। इस प्रकार, बंजर भूमि को धन देने वाली भूमि में परिवर्तित किया जा रहा है। नए स्टार्ट-अप मत्स्यपालन के क्षेत्र में प्रतिभा, प्रौद्योगिकी, वित्त और उद्यमशीलता की भावना को आकर्षित कर रहे हैं और इस प्रकार एक मूक सामाजिक क्रांति भी ला रहे हैं। वर्तमान में भारतीय मत्स्यपालन का एक गौरवशाली उप-अध्याय जलीय कृषि के रूप में लिखा जा रहा है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर झींगा के उत्पादन एवं निर्यात में अग्रणी बना रहा है।

भारत जलीय कृषि का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक, मछली का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और मछली एवं मछली से तैयार उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक बनकर ब्रांड इंडिया को स्थानीय स्तर से वैश्विक स्तर तक ले जा रहा है। बाधाओं को दूर करके, प्रौद्योगिकी का समावेश करके, कल्याण की प्रक्रिया को फिर से वास्तविक लाभार्थियों की ओर मोड़कर, उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित कर और महिलाओं को सशक्त बनाकर भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र उन बेड़ियों से मुक्त हो गया है जो इसे आजादी के बाद से छह दशकों से अधिक समय तक जकड़े हुए थी। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ मोदी सरकार के आठ साल ने भारतीय मत्स्यपालन की एक मजबूत नींव रखी है।

डॉ. एल. मुरुगन
(केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री)

राज-विचार

भारत की प्रशंसक थीं एलिजाबेथ

ब्रिटिश इतिहास में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महारानी एलिजाबेथ द्वितीय भारत की सामाजिक और सांस्कृतिक समृद्धि एवं विविधता की प्रशंसक थीं। वे अपनी स्पष्टवादिता के लिए भी खूब जानी जाती थीं। जलियांवाला बाग कांड की आलोचना उदाहरण है।

महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 70 वर्षों तक शासन किया और ब्रिटिश इतिहास में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महारानी थीं। बकिंघम पैलेस ने 10 दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा करते हुए एक बयान में उनके निधन की घोषणा की। एलिजाबेथ द्वितीय पिछले अक्टूबर से काफी बीमार थीं। उन्हें चलने और खड़े होने में कठिनाई हो रही थी। उन्होंने हाल की अपनी यात्राओं में भी काफी कटौती की थी। उनके चार बच्चों में सबसे बड़े चार्ल्स, प्रिंस ऑफ वेल्स उनके निधन के बाद राजा बनेंगे। औपनिवेशिक शासन से भारत की आजादी के बाद 1952 में ब्रिटिश सिंहासन पर काबिज होने वाली पहली ब्रितानी शासक एलिजाबेथ द्वितीय भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक समृद्धि एवं विविधता की प्रशंसक थीं। महारानी ने 70 साल लंबे शासनकाल में तीन बार-1961, 1983 और 1997 में भारत की यात्रा की थी। इस दौरान महारानी ने गर्मजोशी और आतिथ्य की तारीफ की थी। उन्होंने एक संबोधन में कहा था, भारतीयों की गर्मजोशी और आतिथ्य-सत्कार के अलावा भारत की समृद्धि और विविधता हम सभी के लिए एक प्रेरणा रही है। 1961 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और उनके दिवंगत पति प्रिंस फिलिप ने मुंबई, चेन्नई और कोलकाता का दौरा किया था। उन्होंने आगरा पहुंचकर ताज महल का दीदार करने के साथ ही दिल्ली में राष्ट्रपिता के स्मारक राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की थी। एलिजाबेथ और फिलिप तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के निमंत्रण पर भारत की गणतंत्र दिवस परेड में सम्मानित अतिथि थे। महारानी ने दिल्ली के रामलीला मैदान में हजारों लोगों की भीड़ को संबोधित भी किया था। महारानी ने 1983 में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने मदर टेरेसा को ऑर्डर ऑफ द मेरिट की मानद उपाधि से नवाजा था। भारत की उनकी अंतिम यात्रा आजादी की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हुई थी। इस दौरान उन्होंने पहली बार औपनिवेशिक इतिहास के 'कठोर दौर' का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था, यह कोई रहस्य नहीं है कि हमारे अतीत में कुछ कठोर घटनाएं हुई हैं। जलियांवाला बाग दुखद उदाहरण है। महारानी और उनके पति ने बाद में 1919 में नरसंहार के गवाह बने अमृतसर के जलियांवाला बाग का दौरा किया था। उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की थी। महारानी के निधन के बाद उनके बेटे प्रिंस चार्ल्स को महाराजा बनाया गया है। महारानी के निधन के बाद ब्रिटेन में काफी कुछ बदलाव आएंगे। ब्रिटेन के राष्ट्रगान के बोल संविधान में संशोधन के बाद बदल दिए जाएंगे। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की मौत के साथ ही राष्ट्रगान में अब गॉड सेव द क्वीन की जगह गॉड सेव द किंग में बदला जाएगा। गॉड सेव द किंग वास्तव में ऑरिजिनल यूनाइटेड किंगडम का नेशनल एंथम है। यह 1745 में लिखा गया था।

जलवायु परिवर्तन से बढ़ती मुश्किलें

संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल ने भी पाया था कि मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन प्रकृति में खतरनाक और व्यापक व्यवधान पैदा कर रहा है। चरम मौसम की घटनाओं के चलते लाखों लोगों को गंभीर भोजन और पानी की असुरक्षा का सामना करना पड़ा है, खासकर अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिकों, छोटे द्वीपों और आर्कटिक में।

ग्रीनलैंड और अंटार्कटिक में पिघलती बर्फ अगामी कुछ दशकों में इस धरती पर प्रलय का नजारा दिखा सकती है। पाकिस्तान में आई भीषण बाढ़ और चीन में भंयकर सूखा इसकी एक छोटी झांकी भर है। ग्लोबल वार्मिंग न हो तब भी यह उन इलाकों को डुबो देगी, जहां आज करोड़ों लोगों का बसेरा है। अब सब कुछ इस पर निर्भर है कि इंसान बढ़ती गर्मी को रोकने के लिए क्या कुछ कर पाता है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पृथ्वी पर सागरों के उभार का सबसे प्रमुख कारक है। आर्कटिक क्षेत्र में गर्मी धरती के बाकी क्षेत्रों की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। 'नेचर क्लाइमेट चेंज' में छपे नए अध्ययन में ग्लेशियर विज्ञानियों ने बताया है कि भविष्य में जीवाश्म ईंधन का प्रदूषण और बढ़ती गर्मी ग्रीन लैंड के बर्फ की चादर के आयतन का 3.3 फीसद पिघला देगी। नतीजतन सागर का जल स्तर 27.4 सेंटीमीटर तक बढ़ जाएगा। इससे दुनिया का नक्शा बदल जाएगा।

नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्ष 2100 तक सागरों में तीन से चार फीट पानी अकेले ग्रीनलैंड में पिघलने वाली बर्फ से बढ़ सकता है। इतना पानी दुनिया के कई हिस्सों को डुबोने के लिए काफी होगा। इसका मतलब है कि फिलहाल सागर का जलस्तर बढ़ने का माडल कहीं पीछे छूट जाएगा। गर्मी और न बढ़े, तो भी तबाही आएगी। हैरत में डालने वाले ये नतीजे भी सबसे कम नुकसान वाली स्थिति को बता रहे हैं, क्योंकि इनमें भविष्य की गर्मी के असर का हिसाब नहीं जोड़ा गया है। नेशनल जियोलाजिकल सर्वे आफ डेनमार्क ऐंड ग्रीनलैंड के प्रमुख लेखक जेसान बाक्स के अनुसार ग्रीनलैंड के आसपास की जलवायु का गर्म होना जारी रहेगा। आज दुनिया में जगह-जगह बाढ़, सूखा, जंगल की आग, कटिबंधीय क्षेत्रों में तूफान आदि की तीव्रता और आवृत्ति बढ़ने का कारण खत्म होते जंगलों और जीवाश्म ईंधन से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडल में बढ़ती मात्रा है।

इसमें कोई शक नहीं कि ग्रीष्म लहर भी ग्लोबल वार्मिंग का एक प्रत्यक्ष प्रभाव है। यूरोप के ठंडे मुल्कों में रिकार्ड गर्मी के बाद, चीन भी अभूतपूर्व गर्मी और सूखे के दौर से गुजर रहा है। इन दिनों भारत और उसके आसपास के देशों में कहीं भंयकर बारिश तो कहीं कम वर्षा से सूखे का भारी संकट है। पाकिस्तान भीषण बाढ़ की चपेट में है। इस साल उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच यूरोप में प्रचंड गर्मी पड़ने की खबरें आईं। चीन इस साल भीषण गर्मी की समस्या से जूझ रहा है। बताया जा रहा है कि इस साल चीन में 61 सालों में सबसे भयंकर गर्मी पड़ी है। तेजी से बढ़ते तापमान को देखते हुए लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी गई है। वहां बारिश न होने की वजह से कई इलाकों में भयंकर सूखा पड़ गया है। चीन की लाइफलाइन कहलाने वाली सबसे लंबी यांग्त्जी नदी लगभग सूख चुकी है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव को लेकर विशेषज्ञों की राय है कि ग्रीष्म लहर वैश्विक ताप का सीधा और स्पष्ट पैमाना बन गया है। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) ने भी पाया था कि मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन प्रकृति में खतरनाक और व्यापक व्यवधान पैदा कर और दुनिया भर के अरबों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। पैनल ने अपनी इस साल की रिपोर्ट में कहा कि चरम मौसम की घटनाओं के चलते लाखों लोगों को गंभीर भोजन और पानी की असुरक्षा का सामना करना पड़ा है, खासकर अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिका में, छोटे द्वीपों और आर्कटिक में। 3.6 अरब लोग जलवायु परिवर्तन की चपेट में हैं।

रिपोर्ट ने अपनी चेतावनी में यह कहते हुए जोड़ा कि दुनिया अगले दो दशकों में 1.5 डिग्री सेल्सियस की ग्लोबल वार्मिंग के साथ कई अपरिहार्य जलवायु खतरों का सामना कर रही है, जिसमें कहा गया है कि इस बढ़ते तापमान के कुछ परिणाम अपरिवर्तनीय होंगे। बढ़ी हुई ग्रीष्म लहर, सूखा और बाढ़ पहले से ही पौधों और जानवरों की सहनशीलता की सीमा से अधिक है, जिससे पेड़ों और मूंगा जैसी प्रजातियों में बड़े पैमाने पर मृत्यु दर बढ़ रही है। इससे लाखों लोगों को, विशेष रूप से अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिका, छोटे द्वीपों और आर्कटिक में भोजन और पानी की असुरक्षा रेखांकित हुई है। आईपीसीसी की रिपोर्ट में आग्रह किया गया है कि 'जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है, साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में तेजी से कटौती करनी होगी।' आईपीसीसी के अध्यक्ष होसुंग ली ने कहा है कि 'यह रिपोर्ट निष्क्रियता के परिणामों के बारे में एक गंभीर चेतावनी है। यह दर्शाता है कि जलवायु परिवर्तन हमारी भलाई और एक स्वस्थ ग्रह के लिए गंभीर और बढ़ता खतरा है। आज हमारे कार्य तय करेंगे कि लोग कैसे रहेंगे और प्रकृति बढ़ते जलवायु जोखिमों के प्रति क्या प्रतिक्रिया करेगी।'

'नेचर क्लाइमेट चेंज' में छपी रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि सागर के जलस्तर का बढ़ना 78 सेंटीमीटर तक जा सकता है। ऐसे में तटों के आसपास के निचले इलाकों का बड़ा हिस्सा डूब जाएगा, साथ ही बाढ़ और आंधियां बढ़ जाएंगी। बाक्स और उनके साथियों ने इस बार कंप्यूटर माडल के बजाय दो दशक में लिए गए मापों और निगरानी के आंकड़ों का इस्तेमाल कर यह पता लगाने की कोशिश की कि ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पहले जो गर्मी झेल चुकी है, उसके आधार पर कितना बदलेगी। बर्फ की चादर के ऊपरी हिस्से को हर साल बर्फबारी से भर जाना होता है। हालांकि 1980 के बाद से ही यह इलाका बर्फ की कमी से जूझ रहा है। जितनी बर्फ हर साल गिरती है, उससे कहीं ज्यादा पिघल जा रही है। बाक्स का कहना है कि शोधकर्ताओं ने जिस सिद्धांत का इस्तेमाल किया उसे आल्प्स के ग्लेशियरों में हुए बदलाव की व्याख्या करने के लिए तैयार किया गया था। जाहिर है कि अगर ग्लेशियर पर ज्यादा बर्फ जमा होगी तो निचले हिस्से का विस्तार होगा। ग्रीनलैंड के मामले में कम बर्फ के कारण निचला हिस्सा सिकुड़ रहा है, क्योंकि ग्लेशियर नई परिस्थितियों के हिसाब से संतुलित करते हैं।

आईपीसीसी के एक और विशेषज्ञ गेरहार्ड क्रिनर का कहना है कि जो जानकारी मिली है वह समुद्री जलस्तर के बारे में ज्यादा जटिल माडलों से कुल मिलाकर जानकारी से मेल खाती है। हालांकि वे इस पर सवाल जरूर उठाते हैं कि यह सब कुछ क्या इसी शताब्दी में हो जाएगा। दुनिया औद्योगिक काल के पहले की तुलना में औसत रूप से 1.2 डिग्री सेल्सियस गर्म हो चुकी है। आईपीसीसी ने रिपोर्ट में बढ़ती गर्मी का जलवायु पर पड़ने वाले असर के बारे में कहा है कि अगर गर्मी में इजाफे को दो से ढाई डिग्री तक पर भी सीमित कर लिया जाए तो इसी सदी में 25 मेगासिटी के निचले इलाके इसकी चपेट में आएंगे। इन जगहों पर 2010 तक 1.3 अरब लोग रहते थे।

निरंकार सिंह
(वरिष्ठ पत्रकार)

ट्विटर

एलिजाबेथ द्वितीय को हमारे समय की एक दिग्गज शासक के रूप में याद किया जाएगा। दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और ब्रिटेन के लोगों के साथ हैं।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय एक सम्राट से कहीं अधिक थीं। उनके निधन से एक युग का अंत हो गया। महारानी ने 70 साल तक ब्रिटेन को स्थिरता दी।

जो बाइडेन, अमेरिका के राष्ट्रपति

सत्यार्थ

घमंड का त्याग जरूरी



प्रजापति दक्ष और शिव जी से जुड़ी घटना है। दक्ष देवताओं के बड़े नेता थे। सभी उनका मान-सम्मान करते थे। एक दिन एक यज्ञ में बड़े-बड़े ऋषि-मुनि और देवता शामिल हुए। यज्ञ सभा में सभी बैठे हुए थे। उस समय दक्ष प्रजापति ने यज्ञ सभा में प्रवेश किया। उनका गरिमामय व्यक्तित्व था। दक्ष के सम्मान में सभी लोग अपनी-अपनी जगह पर खड़े हो गए। अपना मान-सम्मान देखकर दक्ष का अहंकार जाग गया। दक्ष ने सभा में ये नहीं देखा कि उसके सम्मान में कौन-कौन खड़ा हुआ है, उसने ये देखा कि कौन खड़ा नहीं हुआ है। उस समय शिव जी बैठे हुए थे और आंखें बंद करके ध्यान लगा रहे थे। शिव जी को बैठा हुआ देखकर दक्ष ने सोचा कि ये मेरे दामाद हैं, मेरे पुत्र की तरह हैं, ये मेरे सम्मान में खड़े नहीं हुए। मैंने ब्रह्मा जी के कहने पर मेरी पुत्री का विवाह इस व्यक्ति से कर दिया, जिसका अमंगल रूप है। इतना सोचने के बाद दक्ष ने गुस्से में शिव जी को भला-बुरा कह दिया। शिव जी तो दक्ष की बातें सुनकर चुप बैठ हुए थे, लेकिन नंदीश्वर ने शिव जी का अपमान होता देखकर दक्ष को शाप दे दिया। नंदीश्वर को गुस्से में देखकर भृगु ऋषि ने नंदी को शाप दे दिया। इसके बाद पूरी यज्ञ सभा में सभी ने एक-दूसरे को शाप दे दिए। शुभ कार्यक्रम पूरी तरह से बिगड़ गया। इसके बाद शिव जी अपने गणों को लेकर वहां से चले गए। अहंकार किसी भी अच्छे खासे चलते हुए शुभ काम को बिगाड़ देता है। शिव जी ने तो अपने गुस्से पर काबू कर दिया था, लेकिन दक्ष ने गुस्से पर काबू नहीं किया। पद, प्रतिष्ठा और मान-सम्मान की वजह से अधिकतर लोग अहंकारी हो जाते हैं। अहंकारी को शब्दों का ध्यान नहीं रहता है और गलत बोली की वजह से सारे काम और रिश्ते बिगड़ जाते हैं।

मुकेश कुमार

गुजराती गृहिणी का किरदार निभाएंगी माधुरी

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित आगामी स्ट्रीमिंग फिल्म 'मजा मा' में एक गुजराती गृहिणी के रूप में एक में अपना किरदार निभाती दिखेंगी। फिल्म का ट्रेलर गुरुवार को मुंबई के जुहू इलाके में एक पांच सितारा होटेल में मीडिया के सामने जारी किया गया। फिल्म माधुरी दीक्षित को एक जटिल और निडर अवतार में प्रस्तुत करती है। फिल्म में अपने हिस्से के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने एक बयान में कहा कि वह फिल्म का हिस्सा बनने के लिए 'रोमांचित' हैं। यह जटिल बारीकियों वाली भूमिका है जिसे मैंने पहले कभी नहीं निभाया है।' उन्होंने उपस्थित मीडिया से कहा, 'मजा मा' के साथ, मैं जिस चीज को लेकर सबसे ज्यादा उत्साहित हूं, वह है मेरा कैरेक्टर। यह जटिल बारीकियों के साथ एक भूमिका है जिसे मैंने पहले कभी नहीं निभाया है।' ऐसा पहली बार होगा जब माधुरी गरबा की थाप पर डांस करती नजर आएंगी। फिल्म में गजराज राव, ऋत्विक भौमिक, बरखा सिंह, सृष्टि श्रीवास्तव, रजित कपूर, सिमोन सिंह, शीबा चड्ढा, मल्हार ठाकर और निनाद कामत भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

नेहा धूपिया ने किया खिलाड़ियों की हौसला अफजाई



बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कहा कि रियल कबडडी लीग की बदौलत ही आज कबडडी जैसे खेल ने अपना एक अलग ही मुकाम बनाया है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड और खेलों का पुराना कनेक्शन रहा है, फिल्मों में हमेशा स्पोर्टस से जुडे विषयों फिल्में रही हैं। जिससे खेलों को काफी प्रोत्साहन मिला है। नेहा धूपिया ने एटलेंचर स्पोर्टस द्वारा आयोजित केईआई वॉयर एंड केबल रियल कबड्डी लीग सीजन 2 में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई भी की।



आयुष्मान खुराना की फिल्म 'डॉक्टर जी' का पहला रोमांटिक गाना 'हर जगह तू' हुआ रिलीज

आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह जल्द ही फिल्म 'डॉक्टर जी' में साथ नजर आने वाले हैं। बीते दिनों इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। अब जंगली पिक्चर्स ने इस मेडिकल कैंपस कॉमेडी-ड्रामा का पहला गाना 'हर जग तू' जारी किया है, जो निश्चित रूप से अपनी दिल छू लेनी वाली धुन से आपके दिलों को पिघला देगा। वैसे फिल्म के ट्रेलर दो जोशीले गानों की एक झलक पहले ही मिल चुकी है। लेकिन हाल में इसका पहला रोमांटिक गाना 'हर जग तू' रिलीज किया गया है। गाने की थीम के साथ, 'हर जग तू' एक रोमांटिक पोस्टर के साथ सामने आया है जिसमें लीड एक्टर्स के बीच विकसित हो रही केमिस्ट्री को दर्शाया गया है। इस मधुर गीत को सुल्तान सुलेमानी ने कंपोज किया है और लीरिक्स कुमार के हैं। राज बर्मन द्वारा गाया गया यह गीत डॉ. फातिमा सिद्दीकी के लिए डॉ. उदय गुप्ता की भावनाओं की एक झलक दिखाता है जिन्हें उनपर क्रश है। सुमित सक्सेना, सौरभ भारत, विशाल वाघ और अनुभूति कश्यप द्वारा लिखित डॉक्टर जी 14 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। जंगली पिक्चर्स की आने वाली स्लेट में 'वो लड़की है कहां?', 'डोसा किंग', 'उलज' और 'क्लिक शंकर' जैसे कुछ नाम शामिल है।

मलाइका अरोड़ा ने कर ली अर्जुन कपूर से सगाई? इंटरनेट पर फैली अफवाहें

बॉलीवुड की हॉट अदाकारा मलाइका अरोड़ा हमेशा अभिनेता अर्जुन कपूर के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री, काफी लंबे समय से अभिनेता के साथ रिश्ते में हैं और कई मौकों पर उनके साथ स्पॉट की गई हैं। दोनों की जोड़ी के कई चाहनेवाले हैं जो इनकी शादी का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। समय-समय पर सोशल मीडिया पर दोनों की शादी के चर्चे होते रहते हैं। इन सब के बीच मलाइका ने रविवार को अपनी एक वीडियो शेयर कर के अपने चाहनेवालों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। मलाइका अरोड़ा ने रविवार को अपनी एक वीडियो शेयर की, जिसमें वह अपनी बड़ी सी डायमंड अंगूठी को फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री की अंगूठी पर लोगों की नजर जाने में समय नहीं लगा और यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। जिसके बाद मलाइका की अर्जुन के साथ सगाई की अफवाहों को हवा भी मिल गई। अब दोनों लव बड्र्स की सगाई की चर्चा सोशल मीडिया पर जोरो शोरो से हो रही है। बता दें कि, अभिनेत्री की सगाई नहीं हुई है। ऐसा इसलिए क्योंकि मलाइका द्वारा शेयर की गई वीडियो पुरानी हैं। अर्जुन कपूर के साथ रिश्ते में आने से पहले मलाइका अभिनेता अरबाज़ खान की पत्नी थीं। अभिनेत्री ने साल 2017 में अरबाज़ से तलाक ले लिया था। जिसके बाद उन्होंने अर्जुन को डेट करना शुरू किया। वहीं अरबाज इन दिनों मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी को डेट कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री फ़िलहाल किसी भी प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं।

नागार्जुन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी सोनल चौहान

टॉलीवुड के स्टार अभिनेता नागार्जुन के साथ उनकी अभिनेत्री सोनल चौहान की आगामी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'द घोस्ट' आ रही है उनके साथ काम करके वे बेहद उत्साहित हैं। सोनल ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर एक बिहाइंड द सीन्स (बीटीएस) वीडियो साझा किया, जिसमें खुद को और नागार्जुन को हथियारों का प्रशिक्षण देते हुए दिखाया गया है। बीटीएस वीडियो में एक्शन दृश्यों के लिए तैयारी करते हुए और कुछ भारी हथियार पकड़े हुए उन्हें कुछ अलग करते हुए देखा जा सकता है। हाल ही में, सोनल सेट पर घायल हो गई थीं। अभिनेत्री को एमएमए प्रशिक्षण के दौरान फ्रैक्चर हो गया था और उन्हें कुछ हफ्ते के लिए किसी भी एक्शन दृश्यों से बचने के लिए कहा गया था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने शूटिंग जारी रखी। 'द घोस्ट', प्रवीण सत्तारू द्वारा लिखित और निर्देशित है। फिल्म में गुल पनाग, अनिखा सुरेंद्रन, मनीष चौधरी, रवि वर्मा और श्रीकांत अयंगर भी हैं। यह फिल्म 5 अक्टूबर 2022 को रिलीज होने वाली है।



'कैप्टन मिलर' में नजर आएगी प्रियंका मोहन

निर्देशक अरुण मथेश्वरन की बहुप्रतीक्षित धनुष-स्टारर 'कैप्टन मिलर' के निर्माताओं ने घोषणा की है कि अभिनेत्री प्रियंका मोहन फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी। अभिनेत्री प्रियंका मोहन ने ट्वीट किया, 'इस विशाल परियोजना का हिस्सा बनने और धनुष के. राजा सर के साथ जुड़ने के लिए खुश हूं, अरुण मथेश्वरन सर और सत्य ज्योति फिल्म्स को धन्यवाद। शूटिंग शुरू होने वाली है।' सत्य ज्योति फिल्म्स, जो फिल्म का निर्माण कर रही है, ने ट्वीट किया, 'हमें 'कैप्टन मिलर' के लिए भव्य और प्रतिभाशाली प्रियंका मोहन का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।' कैप्टन मिलर सत्य ज्योति फिल्म्स के टी.जी. त्यागराजन और सेंथिल त्यागराजन और अर्जुन त्यागराजन द्वारा निर्मित है। फिल्म जी सरवनन और साई सिद्धार्थ द्वारा सह-निर्मित है और इसका निर्देशन अरुण मथेश्वरन द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने 'रॉकी' और 'सानी कायधाम' जैसी समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों के लिए प्रसिद्धि प्राप्त की।फिल्म में संगीत जी.वी. प्रकाश कुमार ने दिया है और संवाद मदन कार्की के हैं।

सायली सालुंखे को याद आया पुराने दिन

छोटे परदे की एक्ट्रेस सायली सालुंखे ने याद किया कि कैसे उन्होंने मनोरंजन उद्योग में अपनी जगह बनाई और उन्हें अपना पहला प्रोजेक्ट मिला। उन्होंने कहा, 'मैं टीवी उद्योग में आने से पहले गाने गाती थी। इसलिए, मेरे एक दोस्त ने मुझसे पूछा कि क्या मुझे संगीत वीडियो करने में दिलचस्पी है, जिसके लिए मैंने एक निश्चित हां कहा। जब मैं ऐसा कर रही थी, तो एक चैनल कर्मचारी ने मुझसे संपर्क किया। और टेलीविजन पर आने में मेरी रुचि के बारे में पूछा।' सायली शो में इंदु की भूमिका निभा रही हैं, जो करण वी ग्रोवर द्वारा निभाए गए रितेश मल्होत्रा से प्यार करती है। जीवन के प्रति इंदु का द्रष्टिकोण बदल जाता है जब वह एक नवजात अनाथ बच्चे, जून (कियारा साध) से मिलती है और उसे पालने का फैसला करती है। अपने पहले मराठी धारावाहिक 'छतरीवाली' के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, 'मैंने 'हां' के साथ जवाब दिया, यह कहते हुए कि मैं इसे करना पसंद करूंगी। इस तरह मैंने टेलीविजन उद्योग में शुरूआत की और अब तक मुझे अपनी यात्रा से प्यार हो गया है।' बता दें कि एक्ट्रेस सायली सालुंखे वर्तमान में टीवी शो 'बहुत प्यार करते हैं' में नजर आ रही हैं।



नाश्ते में रवा उपमा खाने से मिलेंगे ये लाभ

नाश्ते में अगर कुछ अच्छा (स्वादिष्ट और हेल्दी) खाने को मिल जाए तो पूरा दिन मूड अच्छा रहता है और आप अपनी प्रॉडक्टिविटी में भी अच्छा परिणाम देखते हैं। बस, जरूर इस बात की है कि हम सभी अपने काम और अपने शरीर की जरूरतों को समझें.लेकिन हममें से ज्यादातर लोग बस यहीं मात खा जाते हैं। आइए, जानते हैं दिन की बेहतर शुरुआत करने में रवा उपमा किस तरह हमारी सहायता कर सकता है.

रवा खाने के फायदे

- दक्षिणी भारत में सूजी को रवा कहा जाता है। उत्तर भारत और हिंदी भाषी राज्यों में सूजी का हलवा जिस तरह आय दिन घरों में बनता है और सभी बहुत चाव से खाते हैं। ठीक इसी तरह सूजी से तैयार उपमा यानी रवा उपमा दक्षिण भारत में बहुत अधिक लोकप्रिय भोजन है।
- रवा यानी सूजी गेहूं से तैयार होती है। यह फाइबर से भरपूर होती है इसलिए इसे पचाना हमारे पाचनतंत्र के लिए आसान होता है।
- फाइबर धीमी गति से डायजेस्ट होता है इसलिए यह लंबे समय तक हमारे शरीर को ऊर्जा देने का काम करता है।
- यानी रवा से बना उपमा खाने के बाद जल्दी से भूख नहीं लगती, नींद नहीं आती और आप लंबे समय स्वयं को तक ऊर्जावान महसूस करते हैं।
- रवा उपमा तैयार करते समय इसमें मौसमी सब्जियां मिलाई जाती हैं। यानी इसे खाने से आपको संपूर्ण पोषण प्राप्त होता है। सब्जियों से विटमिन्स और मिनरल्स साथ ही रवा से दिनभर के लिए ऊर्जा।
- रवा उपमा बनाने में मूंगफली और ड्राई फ्रूट्स का उपयोग किया जाता है। इन्हें खाने से आपको सभी जरूरी अमीनो एसिड्स, ओमेगा-3 फैटी एसिड, फॉलिक एसिड और विटमिन्स तथा मिनरल्स की प्राप्ति होती है।
- रवा उपमा फैट यानी वसा और हानिकारक कॉलेस्ट्रोल से पूरी तरह फ्री होता है। इसलिए यह आपके हार्ट की सेहत के लिए भी एक शानदार नाश्ता है। जो हृदय की पंपिंग को सही बनाए रखने और अपने पौषक तत्वों से रक्त का प्रवाह बनाए रखने का काम करता है।
- रवा उपमा खाने में बहुत अधिक स्वादिष्ट और साथ ही सेहत के गुणों से भरपूर होता है। इसलिए साउथ इंडिया से निकलकर इस फूड ने देश के हर हिस्से और घर में अपनी जगह बना ली है।
- आज के समय में पोहा (मुख्य रूप से मध्य भारतीय आहार) दही चूड़ा (मुख्य रूप से बिहार का भोजन) और रवा उपमा तथा इडली (दक्षिण भारतीय भोजन) अपने-अपने राज्यों की सीमाए पार कर नैशनल फूड बन चुके हैं।
- इसकी खास वजह है कि इन फूड्स को तैयार करने में कम समय लगता है। ये पौषक तत्वों से भरपूर होते हैं और कम ऑइली होने के कारण फिटनेस को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। इसके साथ ही पाचन के लिहाज से बहुत अच्छे होते हैं तो इन्हें खाने के बाद आलस भी नहीं आता है।

शरीर में पानी की कमी को हल्के में ना लें

शरीर में पानी की कमी को हल्के में ना लें। ये आपको कई गंभीर बीमारियों की तरफ धकेल सकती है. चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, हमारे शरीर का 30 प्रतिशत हिस्सा तरल है और बाकी 70 प्रतिशत में अस्थि और मज्जा शामिल है। यही वजह है कि जल को जीवन की संज्ञा दी गई है। क्योंकि मनुष्य बिना भोजन के कुछ समय रह सकता है लेकिन बिना पानी के रहना असंभव होता है। यानी जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। पानी तो हम सभी लोग पीते हैं लेकिन ज्यादातर लोग शरीर की जरूरत के अनुसार उचित मात्रा में पानी नहीं पीते हैं। यही कारण है कि हमारे समाज में बड़े स्तर पर सूखे की बीमारी से पीड़ित पेशंट देखे जा सकते हैं। खासतौर पर गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन के मरीजों की मानो बाढ़ आ जाती है।

हल्के में ना लें यह समस्या

- आमतौर पर शरीर में पानी की कमी होने को हम सभी बहुत हल्के में लेते हैं। यह एक बड़ी वजह है कि डिहाइड्रेशन के कारण बड़ी संख्या में रोगियों की मृत्यु हो जाती है। आइए, यहां जानते हैं शरीर के उन सामान्य लक्षणों के बारे में जो आपके शरीर में पानी की कमी को दर्शाते हैं। ताकि इन लक्षणों के आधार पर आप तुरंत इस समस्या से निजात पा सकें.

पानी की कमी के सामान्य लक्षण

- जब शरीर में पानी की कमी होती है तो आपके होंठ बहुत सूखे-सूखे हो जाते हैं और उनकी बाहरी त्वचा फटने लगती है। कई बार होठों से खून भी आने लगता है।
- पानी की कमी के कारण गला लगातार सूखा बना रहता है और बार-बार प्यास लगने पर पानी पीने के बाद भी प्यास नहीं मिटती है।
- शरीर में पानी की कमी के कारण सीने पर हल्की जलन, पेट में एसिडिटी या असहजता हो सकती है। साथ ही मुंह से सांसों के साथ लगातार दुर्गंध आती है। ब्रश करने के बाद भी आप सांसों की दुर्गंध फील कर पाते हैं।

यूरिन, स्किन और मसल्स पर असर

- जब शरीर में पानी की कमी होती है तो पेशाब गाढ़े पीले रंग का आता है। इसके साथ मात्रा में सामान्य से कम होता है और पेशाब के बाद प्राइवेट पार्ट में जलन या खुजली की समस्या हो सकती है।
- डिहाइड्रेशन से जूझ रहे लोगों के शरीर की त्वचा भी बहुत रूखी और बेजान नजर आती है। जो लोग लंबे समय से पानी की कमी से जूझ रहे होते हैं, उनकी त्वचा पर कम उम्र में ही झुर्रियां नजर आने लगती हैं।
- पानी की कमी से मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन और जकड़न की समस्या हो सकती है। इसके साथ ही सिर में लगातार दर्द बना रहता है। इस कारण रोगी का चेहरा मुर्झाया हुआ और तेजहीन लगता है।
- जो लोग शरीर की जरूरत के अनुसार पानी नहीं पीते हैं, उनकी आंखों के नीचे काले घेरे साफ देखे जा सकते हैं। इन लोगों की आंखें अंदर धसने लगती हैं और इन्हें हर समय कमजोरी का अहसास बना रह सकता है।

सेहत समस्याओं से निजात पाने के लिए पुदीने के घरेलू नुस्खे

गर्मियों का मौसम आते ही भूख कम लगने लगती है, पेट व त्वचा की गर्मी बढ़ जाती है। ऐसे मौसम में ऐसी चीजें खाने की जरूरत होती है जो आपको ठंडक दे और पुदीना इस मौसम के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। गर्मियों में पुदीना या मिंट के अलग-अलग इस्तेमाल से कई सेहत लाभ पाए जा सकते हैं। आइए, जानते हैं पुदीना के ये 8 बेहतरीन घरेलू नुस्खे

- पेट की गर्मी को कम करने के लिए पुदीने का प्रयोग बेहद फायदेमंद है। इसके अलावा यह पेट से संबंधित अन्य समस्याओं से भी जल्द निजात दिलाने में लाभकारी है। इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है।
- दिनभर बाहर रहने वाले लोगों को पैर के तलवों में जलन की शिकायत रहती है, ऐसे में उन्हें फ्रिज में रखे हुए पुदीने को पीसकर तलवों पर लगाना चाहिए ताकि तुरंत राहत मिल सके। इससे पैरों की गर्मी भी कम होगी।
- सूखा या गीला पुदीना छाछ, दही, कच्चे आम के पने के साथ मिलाकर पीने पर पेट में होने वाली जलन दूर होगी और ठंडक मिलेगी। गर्मी हवाओं और लू से भी बचाव होगा।
- अगर आपको अक्सर टॉसिल्स की शिकायत रहती है और इसमें होने वाली सूजन से भी आप परेशान हैं तो पुदीने के रस में सादा पानी मिलाकर इस पानी से गरारे करना आपके लिए फायदेमंद होगा।
- गर्मी में पुदीने की चटनी का रोजाना सेवन सेहत से जुड़े कई फायदे देता है। पुदीना, काली मिर्च, हींग, सेंधा नमक, मुनक्का, जीरा, छुहारा सबको मिलाकर चटनी पीस लें। यह चटनी पेट के कई रोगों से बचाव करती है व खाने में भी स्वादिष्ट होती है। भूख न लगने या खाने से अरुचि होने पर भी यह चटनी भूख को खोलती है।
- पुदीने व अदरक का रस थोड़े से शहद में मिलाकर चाटने से खांसी ठीक हो जाती है। वहीं अगर आप लगातार हिचकी आने से परेशान हैं तो पुदीने में चीनी मिलाकर धीरे-धीरे चबाएं। कुछ ही देर में आप हिचकी से निजात पा लेंगे।
- पुदीने की पत्तियों का लेप करने से कई प्रकार के चर्म रोगों को खत्म किया जा सकता है। घाव भरने के लिए भी यह उत्तम है। इसके अलावा गर्मी में इसका लेप चेहरे पर लगाने से त्वचा की गर्मी समाप्त होगी और आप ताजगी का अनुभव करेंगे।
- पुदीने का नियमित रूप से सेवन आपको पीलिया जैसे रोगों से बचाने में सक्षम है। वहीं मूत्र संबंधी रोगों के लिए भी पुदीने का प्रयोग बेहद लाभदायक है। पुदीने के पत्तियों को पीसकर पानी और नींबू के रस के साथ पीने से शरीर की आंतरिक सफाई होगी।

हल्की-हल्की भूख में लें इन तीन सूप का मजा

नाश्ते के बाद और लंच से पहले वाली भूख को हैंडल करने के लिए ज्यादातर लोग चाय, कॉफी या फास्ट फूड और डिब्बाबंद फूड्स का सेवन करते हैं। लेकिन हम यहां आपको चंद मिनट में तैयार होनेवाले उन 3 खास सूप के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको 'अपनी तो लाइफ सेट है!' जैसा फील देंगे.

वेजिटेबल सूप

- मौसमी सब्जियों के साथ आप मिक्स वेज सूप तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आप किसी एक सब्जी को उबालकर उसका सूप बनाएं और शिमला मिर्च, बीन्स, मशरूम, हरी प्याज और आलू को महीन टुकड़ों में काटकर इन्हें अलग उबाल लें।
- पहले से तैयार सूप में इन सब्जियों को मिलाएं और अपने स्वाद के हिसाब से काला नमक, जीरा पाउडर आदि मिलाएं। ध्यान रखें सूप को गाढ़ा करने के लिए कॉर्नफ्लोर मिलाया जाता है। आप इसका उपयोग कर सकते हैं लेकिन अधिक मात्रा में इसे मिलाने से बचें। नहीं तो यह आपके वजन को बढ़ाने की वजह बन सकता है।

चुकंदर का सूप

- चुकंदर का सूप बनाने के लिए आप टमाटर, आलू, प्याज, लहसुन, काली मिर्च का पाउडर और नींबू का रस जैसी चीजों का उपयोग करते हैं। ये सभी बहुत पौष्टिक और सेहत को फिट रखनेवाली चीजें हैं।
- चुकंदर का सूप तैयार करने के लिए एक कुकर में बारीक कटे प्याज और लहसुन भून लें। इसके बाद कटे हुए चुकंदर, आलू और टमाटर डालकर भूनें। इन्हें दो मिनट पकाने के बाद कुकर को बंद कर दें और इसमें धीमी आंच पर 4 सीटी आने दें।
- तैयार मिश्रण को मिक्सी में डालकर पीसें और गाढ़ा लिक्विड तैयार करें। इसे छान लें और काली मिर्च पाउडर तथा नींबू का रस मिलाकर सूप तैयार करें और इसे हरी धनिया पत्तियों के साथ गार्निश करके सूप का लुत्फ उठाएं।

मूंग दाल का शोरबा

- मूंग दाल का शोरबा मात्र 10 मिनट में तैयार हो जाता है। इसके लिए आप बिना छिलके की मूंग दाल को धुलकर कुकर में 3 से 4 सीटी लगा लें। इसे तैयार करते समय आपको पानी की मात्रा सामान्य दाल बनाने से दोगुना रखें और गैस की धीमी आंच पर रखकर ही पकाएं।
- अब इसमें हरी धनिया पत्ती, बारीक कटी हरी मिर्च, बारीक कटा कच्चा प्याज मिलाकर तड़का लगा दें। मसलों के नाम पर इसमें सिर्फ हल्दी पाउडर का उपयोग करें, हल्का काला नमक मिलाएं और काली मिर्च पाउडर मिक्स करके गर्मागर्म शोरबा का लुत्फ उठाएं।

वजन घटाने के लिए लोग न जानें कितनी प्रकार की डायट फॉलो करते हैं। लेकिन अपने आपको भूखा रखकर लंबे समय तक बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की डायट का पालन करना मुश्किल हो जाता है। वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है। शरीर की एक्सट्रा चर्बी को निकालने के लिए नियमित व्यायाम के साथ कैलोरीज भी बर्न करनी पड़ती हैं। इसके लिए आयुर्वेद के पास ऐसे कई तरीके हैं, जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकलेगी और आपको वजन कम करने में आसानी होगी। ये तरीके बेहद आसान हैं, लेकिन आपको इन्हें अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाना होगा। आइए जानते हैं क्या हैं वो तरीके जिसे मोटापा घटाने के लिए आयुर्वेद में अहम माना गया है.

खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से घटता है मोटापा

गर्म पानी के साथ घी और नींबू

200 मिलीलीटर पानी के साथ थोड़ा सा नींबू या घी का सेवन करने से पेरिस्टलसिस में सुधार होता है, जो कि वेस्ट और खाने की गति को नीचे की ओर ढकेलता है। यदि आपका शरीर वात या पित्त प्रकार का है, तो आप इससे आपका पाचन तंत्र चिकना होगा जिससे कब्ज की समस्या दूर होगी।



डायजेस्टिव चाय

आजकल, बाजार में आयुर्वेदिक चाय की ढेर सारी वैराइटीज उपलब्ध हैं। लेकिन अच्छा होगा कि आप घर पर अपनी चाय खुद ही बना लें। इसके लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच धनिया के बीज, 1 इलायची और थोड़ी सी अजवाइन को लेकर 500 मिलीलीटर पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी की मात्रा आधी न हो जाए।

मेटाबोलिज्म बढ़ाने के लिए चाय आजमाएं

अपने मेटाबोलिज्म को तेज बनाने के लिए आप दालचीनी, इलायची, लौंग, कद्दूकस की हुई अदरक, काली मिर्च, हल्दी और स्टार ऐनीज को 500 मिली पानी में उबालें। यह पानी आधा हो जाए तब इसमें आधा नींबू और कोकोनट शुगर मिलाएं। चाय शरीर की गर्मी बढ़ाकर चयापचय में सुधार करके वजन कम करने में मदद करेगी।

कच्चे फल

सुबह खाली पेट हर्बल चाय पीने के बाद, कच्चे फलों का सेवन करें जो प्रकृति में थोड़े से कसैले हो सकते हैं। ग्रीन और रेड एपल, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, चेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, अनानास, आंवला और अनार जैसे फलों को ही चुनें। यह फल शरीर में वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं और आपकी त्वचा में कोलेजन को बढ़ाते हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

सिलेरी जूस (अजमोद का रस)

तनाव से बचने के लिए आयुर्वेद कच्चे फल और पकी या उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है। ऐसी स्मूदी लेने से बचें जिसमें फल, सब्जियां, दूध और दही का मिश्रण शामिल हो। यह शरीर में विषाक्त पदार्थों के संचय का कारण बन सकता है। बल्कि पेट की ब्लोटिंग और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए एक चुटकी सेंधा नमक और नारियल तेल के साथ सिलेरी का जूस लें।

वजन घटाने के पांच बुनियादी नियम भी जानें

- जब आपको भूख लगे तब ही खाएं।
- सूर्यास्त के बाद न खाएं।
- इंटरमिटेंट फास्टिंग करें जिसमें 16 घंटे के तक कुछ भी न खाएं। इससे आपकी ऊर्जा तो बढ़ती है साथ में दिमाग पर कंट्रोल रहता है।
- कच्चे फल खाने के बाद पका हुआ भोजन करें।
- आपका पेट केवल आपकी मुट्ठी के आकार का है। अपनी भूख से 80 प्रतिशत भोजन कम खाएं, ताकि खाना पचाने वाले रस अपना काम आसानी से कर सकें।

राजस्थान ग्राम पंचायत सहायक संघ ने निलेश कुमार नाई को कुशलगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

कुशलगढ। राजस्थान ग्राम पंचायत सहायक संघ ने निलेश कुमार नाई को कुशलगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया है। संघ के सज्जनगढ़ ब्लॉक संयोजक दिलीप पटेल ने बताया कि संगठन द्वारा नाई को आगामी 2 अक्टूबर, गांधी जयंती से शुरू किए जा रहे अभियान "पंचायत सहायक-आपके द्वार" के लिए मतदाताओं में मतदान को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए विधानसभा स्तर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष बालचंद निनामा ने बताया कि इसी प्रकार विधानसभा वार प्रभारियों में बांसवाड़ा से नंदलाल खड़िया, बागीदौरा से पोपटलाल कटारा, घाटोल से मुकेश बुनकर तथा गढ़ी से खुशपालसिंह राणावत की नियुक्ति की गई है। ये जानकारी महेश सोनी ने दी।

कोऑपरेटिव सोसायटी पूनखर के नवनिर्वाचित सदस्य का किया गया स्वागत सत्कार

मालाखेड़ा (सतीश कुमार चौधरी)

कोऑपरेटिव सोसायटी पूनखर के नवनिर्वाचित सदस्य रामस्वरूप चौधरी का मालाखेड़ा कस्बे में माला व साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया इस मौके पर दिव्यांग जन कल्याण संस्थान अध्यक्ष सतीश कुमार चौधरी ,नरेश कोलावत,जतिन चौधरी, रामा चौधरी आदि गणमान्य जन भी मौके पर मौजूद रहे।

बानसूर में रामलीला मंचन का उद्घाटन किया गया

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

बानसूर के रामलीला मैदान में पूर्व मंत्री डॉ रोहिताश शर्मा ने रविवार देर रात गणेश पूजन के साथ रामलीला मंचन का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रताप कीर्तन रामलीला मंचन के सदस्यों ने पूर्व मंत्री का माला पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि रामराज के बिना ये देश नहीं चल सकता। रामलीला का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करना चाहिए। इस दौरान प्रताप कीर्तन रामलीला के अध्यक्ष पियूष पुरोहित,नगरपालिका चेयरमैन नीता सज्जन मिश्रा, डा. डी आर यादव, जयसिंह मीणा, रमेश शर्मा, पूर्व सरपंच मोतीलाल मीणा, अशोक पंसारी, डा. सुभाष अग्रवाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कोऑपरेटिव सोसायटी मालाखेड़ा के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष देवीलाल चौधरी का किया गया स्वागत सत्कार

मालाखेड़ा (सतीश कुमार चौधरी)। कोऑपरेटिव सोसायटी मालाखेड़ा के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष देवीलाल चौधरी का माला व साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया इस मौके पर दिव्यांग जन कल्याण संस्थान अध्यक्ष सतीश कुमार चौधरी, कोऑपरेटिव सोसायटी पूनखर सदस्य रामस्वरूप चौधरी, नरेश कोलावत, जतिन चौधरी, रामा चौधरी, विनोद मीणा, सहित गणमान्य जन भी मौजूद रहे

ताड़का राक्षसी के भयानक दृश्य को देखकर दर्शक हुए रोमांचित

मरुधर विशेष राकेश सैनी

तिजारा आदर्श अभिनय समाज सेवा समिति रजिस्टर्ड तिजारा द्वारा आयोजित प्रथम भव्य आदर्श रामलीला मंचन में रविवार को ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया जिसमें वीरेंद्र सैनी वीरू द्वारा ताड़का के भयानक दृश्य को देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे तथा बच्चे मेजों के नीचे जा छुपे ! दर्शकों ने ताड़का वध दृश्य की भूरी भूरी प्रशंसा की ! आयोजन समिति अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि सर्वप्रथम पंचायत समिति सदस्य धैलाराम यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ! इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य नेहा गोयल , सिंभू गोयल , विक्रम राठौड़ , ज्ञानचंद अग्रवाल , अमित अग्रवाल , सुनील सैन , सतीश सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे ! उपाध्यक्ष निरंजन सैन , सचिव हरिनारायण शर्मा , कैलाश सिंधी , कपिल जैन , हिमांशु सिंहल , सतपाल सैनी आदि ने अतिथियों का माला , पटका व साफा बांधकर सम्मान किया ! सुधीर लखेरा , हरिओम सैनी , कपिल अग्रवाल , राहुल सैनी , सचिन जांगिड़ , दिनेश जांगिड़ , पुरुषोत्तम गजमोतिन , उग्रसेन सैनी , मोहित सैनी , आलेख लखेरा , तिलक मरदाने , सूरज सैन , पूर्ण सैन आदि ने भूमिका के अनुरूप अपने कर दर्शकों की खूब वाहीवाही लूटी ! मंच संचालन हिमांशु कटारिया ने किया !

जयपुर के एक आवासीय क्षेत्र खातीपुरा की एक कॉलोनी में कोर्ट में चल रहे विचाराधीन मामला होने पर भी चल रही अवैध पत्थर काट मूर्ति बनाने की फैक्टरी

मरूधर विशेष / महावीर सिंह साँचोरा

जयपुर । खातीपुरा की बहुत बड़ी कॉलोनी वार्ड नंबर 32 नगर निगम सिविल लाइन जोन में आती है। जिसमे लगभग 400 वर्ग गज क्षेत्र में एक रिहायशी आवास पर पत्थर काटकर मूर्तियां बनाने की फेक्ट्री को संचालित किया जा रहा है। जबकि कोर्ट में मामला विचाराधीन है। फैक्ट्री मालिक वहां के रहने वाले निवासियों को आए दिन परेशान करता है क्योंकि लोग ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण से परेशान होकर फैक्ट्री का विरोध करते हैं।

पूरा मामला कुछ इस तरह से है

खातीपुरा की कुमावत बड़ी कॉलोनी में 2019 से पत्थर की मूर्ति बनाने की फैक्ट्री अवैध रूप से आवासीय कॉलोनी में चल रही है जिसका कॉलोनी वासियों ने विरोध किया तो वहीं के निवासी दीपक कुमावत पर फैक्टरी मालिकों ने कातिलाना जानलेवा हमला भी फैक्ट्री मालिक रमेश मारवाल और मुकेश मारवाल ने कर दिया इस पर वैशाली नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया । इसके बाद कॉलोनी वालों ने भी फैक्ट्री संचालकों पर एक मुकदमा दर्ज कराया । दोनों मुकदमों में वैशाली नगर थाने ने जांच कर इस केस को कोर्ट में पेश किया जिसमें कोर्ट ने फैक्ट्री मालिकों को आरोपी पाया ।

दीपक कुमावत ने बताया कि उन पर जानलेवा हमला करने के एवज में रमेश मारवाल को सजा हुई । जिसमें कुछ दिन बाद इस को जमानत पर रिहा कर दिया गया ।

कॉलोनी वासियों के द्वारा अथक प्रयास कर मंत्रियों और स्थानीय पार्षदों व अधिकारियों से मिलकर नगर निगम के द्वारा इस प्रकरण में एक्शन नहीं लेने की शिकायतें की तब 23/ 3/ 2021 को इस फैक्ट्री सील किया गया इस पर उसी दिन रमेश और मुकेश मारवाल जो फैक्ट्री मालिक है उन्होंने नगर निगम की द्वारा लगाई गई सील को तोड़ा और फैक्ट्री वापस चालू कर ली । स्थानीय निवासियों ने अब वापस से नगर निगम को शिकायत की तो नगर निगम कभी कहता है कि फैक्टरी संचालक ने उच्च न्यायालय से स्टे ले रखा है कभी कहता है की सील तोड़ने पर फैक्ट्री संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है कभी कहता है फैक्टरी संचालक ने नगर निगम पर मुकदमा दर्ज करवा दिया है

इस संदर्भ में राजस्थान के बड़े अखबारों में भी कॉलोनी वासियों ने खबर प्रसारित करवाई थी और इस पर कॉलोनी वासियों ने राजस्थान राज्य सूचना आयोग से भूखंड संख्या ए 14 कुमावत बाड़ी खातीपुरा जयपुर के भूखंड स्वामी के विरुद्ध नगर निगम के द्वारा कोई प्राथमिकी या भूखंड मालिक ने नगर निगम पर इस प्रकरण में उच्च न्यायालय में कोई स्टे प्राप्त किया है या नही की प्रतिलिपि चाही तो सूचना आयोग ने 26 मार्च 2022 को एक प्रतिलिपि दी जिसमें लिखा भूखंड स्वामी के विरुद्ध नगर निगम की कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं है और ना ही राजस्थान उच्च न्यायालय से इससे संबंधित सिविल लाइन जोन कार्यालय में कोई रिकॉर्ड प्राप्त हुआ है ।

आज भी यह फैक्ट्री संचालित हो रही है।

जबकि कोर्ट ने अभी तक इस को किसी तरह का संचालन करने की अनुमति नहीं दी है कालोनी वासी कुमावत ने बताया आज फैक्ट्री संचालक मुझे और मेरे परिवार को मानसिक रूप से परेशान करने में लगे है। क्योंकि मेरे ओर कॉलोनी वासियों की वजह से कोर्ट कचहरी हुई है ऐसा कहकर धमकियां देता है साथ ही मेरे मकान के आगे गाड़ियां लगा कर मुझे आने जाने में परेशान करता है ।

साथ ही अब राजीनामा करने के लिए भी मेरे ऊपर दबाव बना रहे हैं ।

मूर्ति बनाने की फैक्ट्री वह भी रिहायशी कॉलोनी में बिना किसी शह के नहीं चलती

एक कॉलोनी में पत्थर काटने और उससे मूर्तियां बनाने की फैक्ट्री का संचालन बिना नगर निगम के अधिकारियों की अनुमति के संभव नहीं हो सकता इस पूरे प्रकरण में भी नगर निगम का नजरिया अस्पष्ट है।

पोलूशन कंट्रोल बोर्ड भी कॉलोनी वासियों के साथ है

पत्थर काटने से जो धूल मिट्टी का जो गुबार निकलता है उससे सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारी होने का खतरा बना रहता है । मशीनों की आवाज से ध्वनि प्रदूषण होता है वह अलग है जबकि पोलूशन कंट्रोल बोर्ड ने भी नगर निगम को आदेशात्मक कार्यवाही करने को कहा है कि यह फैक्ट्री आवासीय कॉलोनी में नहीं होनी चाहिए

हम सब मिलकर करेंगे जनजाति क्षेत्र का कायाकल्प 9 विकास राज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक

कुशलगढ़। विद्या भारती जनजाती समिति राजस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्र के छः दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग कोठारा मैं संपन्न हुआ। समापन के अवसर पर चेतन गर्ग नानूलाल पटेल, मानेग पटेल सचिव विद्या भारती जनजाती समिति, विकास राज विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बांसवाड़ा का पाथेय प्राप्त हुआ। मां भारती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर वंदना सभा का शुभारंभ किया गया। भावजी डिंडोर ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। सुरेंद्र आचार्य ने स्वागत व अभिनंदन की रस पूर्ण करते हुए। रामलाल गरासिया द्वारा प्रशिक्षण वर्ग प्रतिवेदन/ प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए बताया कि 19 सितंबर दोपहर 2:00 बजे से प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ हुआ। वर्ग में 120 आचार्य व बहनो व 36 प्रबंधकों ने भाग लिया। जिन्होंने प्रातः 4:30 बजे जागरण से रात्रि 10:00 बजे दीप विसर्जन तक की आदर्श दिनचर्या में प्रातः स्मरण, प्रातः प्रतिदिन हवन की आहुतियाँ, प्रतिदिन संतों का आशीर्वचन,योगाभ्यास व्यायाम वंदना अभ्यास गीत अभ्यास खेल अभ्यास रात्रि कार्यक्रमो व विभिन्न पदाधिकारी द्वारा पाथेय प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन जयंतीलाल डिंडोर द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में विकास राज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बांसवाड़ा ने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। आप सभी केंद्र प्रमुख एक नए भारत के निर्माण में अपना सहयोग कर रहे हैं। संस्कार केंद्र में आने वाले भैया बहिन जो कि देश का भविष्य है उनकी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार व संस्कृति से जोड़े रखने का कार्य छोटा नहीं है बहुत ही बड़ा है। पारिवारिक भाव से किया जाता है फिर भी परिवार के कार्य व दायित्व भी हमारे कंधों पर होता है। क्योंकि हम भी परिवार के घटक है। केंद्र परिवार समाज व विभिन्न कार्यों में समय का उचित समायोजन कर के पुण्य किया जाता है।समापन सत्र में सूरज पाटीदार, ललित कुमार दवे, मीठालालजी महाराज वालेग भाई इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी सुरेंद्र आचार्य मीडिया प्रभारी ने दी।

सहकारी समिति सफेड़ मकराना के लिए निर्वाचित हुए मदद फाउंडेशन एडमिन सदस्य शिंभू सिंह सफेड़

मरूधर विशेष/धर्मेंद्र वैष्णव

सहकारी समिति सफेड़ के चुनाव में शिंभू सिंह सफेड़ निर्वाचित हुए 23 सितंबर को चुनाव हुए थे जिसका आज परिणाम जारी कर दिया गया है। शिंभू सिंह ने अपने आज 83 वोटों से अपनी जीत हासिल की। शिंभू सिंह ने बताया की आज वो जल्दी ही सहकारी समिति के कार्यों को गति देगे। और 8ग्राम पंचायत के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगे। शिंभू सिंह मदद फाउंडेशन के एडमिन पैनल के सदस्य है जो सामाजिक कार्य में सक्रिय संस्था है। उनके निर्वाचित होने पर संस्था से दिलीप सिंह राठौड़ गणपत सिंह गांवड़ी राजेंद्र सिंगोद दीपक सिंह बाय रेवंत सिंह हरी सिंह बृजेंद्र सिंह शेखावत राजेंद्र भीराना आशा शर्मा नीतू त्यागी परमिंदर कौर सरपंच हरिओम कंवर कोमल राठौड़ द्वारा बधाई दी गई। इसके अलावा समस्त ग्रामवासी में भी खुशी का माहौल रहा।

श्री जगदम्बा मातेश्वरी मन्दिर समिति नया खेडा परिसर में माताराणी के शारदीय नवरात्र घटस्थापना हुई

मरूधर विशेष/विनोद शर्मा

आज श्री जगदम्बा मातेश्वरी मन्दिर समिति नया खेडा परिसर में माताराणी के शारदीय नवरात्र घटस्थापना हुई।उपाध्यक्ष मुकुल सिंह साँचोरा ने बताया आश्विन शुक्ल मास प्रतिपदा सितम्बर 1985 शारदीय नवरात्र में ही माताराणी की मूर्ति की स्थापना की गई आज 37 वे वर्ष का स्थापना दिवस भी है।माताराणी की ज्योत और जयकारों के साथ मन्दिर परिसर गुंजायमान हुआ।हाईलाइट ब्यूटी सलून नया खेड़ा द्वारा माताराणी को अष्टमी पर चुनड़ी ओढाई जाएगी। पंडित प्रदीप शर्मा द्वारा माताराणी की आरती की गई।अध्यक्ष भवर सिंह सचिव नवरतन सिंह कोषाध्यक्ष इंद्र सिंह , सयुक्त सचिव हेमन्त सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह, व्यवस्थापक मंत्री गणपत सिंह ,भवानी सिंह बाँकावत, अर्जुन सिंह, कुशाल सिंह ,विशाल सिंह, मातृशक्ति का काफी संख्या में लोगो ने माताराणी का आशीर्वाद लिया।

मिक्सर मशीन चोरी में पिता-पुत्र सहित तीन गिरफ्तार

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मिक्सर मशीन चोरों को गिरफ्तार किया है। बानसूर पुलिस ने बताया कि 25 सितम्बर को ईश्वर सिंह निवासी नवलपुरा ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि में नई सड़क पर किसी परिचित की दुकान पर अपनी लेंटर डालने की मिक्सर मशीन को खड़ी किया था जिसे कोई चोरी कर ले गया। जिस पर पुलिस पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ईश्वर सिंह की चुराई गई मिक्सर मशीन को पुलिस थाना हरसोरा के निकटवर्ती गांव बावली का बास से जब्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार कर तीनों आरोपियों से पुछताछ करने पर बताया की पिकअप गाड़ी और ट्रैक्टर से टोचन कर मिक्सर मशीन को चोरी कर ले गए थे। जिस पर पुलिस ने चोरी की वारदात में काम में लिए गए एक ट्रैक्टर और पिकअप गाड़ी को आरोपियों के घर से जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि सुगन चंद उर्फ शुगला मीणा पुत्र बंसी राम मीणा और उसका लड़का राजकुमार उर्फ राजू मीणा और उसके भाई का लड़का भोला राम मीणा उर्फ भोला पुत्र जगदीश प्रसाद मीणा निवासी बावली का बास ने ट्रैक्टर और पिकअप गाड़ी से टोचन कर मिक्सर मशीन को चोरी कर ले गए और अपने घर ले जाकर मशीन को काटकर कबाड़ में बेचने की फिराक में थे। लेकिन बेचने से पहले ही पुलिस ने तीनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया । तीनों आरोपियों से मिक्सर मशीन और चुराने में काम में ली हुई एक पिकअप गाड़ी और एक बिना नंबरी मैसी डीआई ट्रैक्टर को जब्त किया गया। तीनों आरोपियों से बानसूर और आसपास के क्षेत्र में हुई इस तरह की वारदात के बारे में पुलिस गहनता से पूछताछ कर रही है।

बानसूर में अग्रसेन जयंती पर शोभायात्रा निकाली

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

बानसूर कस्बे में अग्रसेन जयंती के पावन पर्व पर अग्रवाल समाज की ओर से महाराज अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा से पहले अग्रवाल समाज के बंधुओं द्वारा महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना की गई । इसके पश्चात महाराज अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली जो बानसूर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस अग्रसेन भवन पहुंची । कस्बे में जगह-जगह व्यापारियों ने अग्रसेन महाराज की शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया । शोभायात्रा में मनमोहक झांकियां निकाली गई जो ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान अलग-अलग झांकियों को देखने के लिए लोग उमड़ पड़े। सभी को प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के महिला तथा पुरुष मौजूद रहे । शोभायात्रा से पूर्व अग्र बंधुओं के युवाओं द्वारा बाइक रैली निकाली गई। इस अवसर पर अग्रवाल समाज अध्यक्ष अशोक ऐरन, ओम प्रकाश गोयल, वासुदेव पंसारी, निरंजन गोयल, अनिल कुमार सिंघल,राजेश सिंघल, निखिल अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, सुभाष घाट वाला, सुनील घाट वाला, समीर सिंगल सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे

मान पैलेस में आयोजित राजस्थान फिल्म फेस्टिवल समारोह

मरूधर विशेष /श्याम खंडेलवाल

मान पैलेस में आयोजित राजस्थान फिल्म फेस्टिवल समारोह में पंकज भार्गव और इशिता भार्गव ने तुषार कपूर वह महिमा चौधरी। के साथ मिलकर अवार्ड दिए।इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता और Rtutot hub की डायरेक्टर !डॉ रुचि खंडेलवाल ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की।

ओम बन्ना सेवा संस्था जयपुर परिवार द्वारा द्वितीय स्थापना दिवस बड़े भव्य रूप में मनाया गया

मरूधर विशेष/खेमचन्द गुप्ता

ओम बन्ना सेवा संस्था जयपुर परिवार द्वारा द्वितीय स्थापना दिवस बड़े भव्य रूप में मनाया गया । संस्थापक देवेंद्र सिंह सिंहासन ने बताया की पूरी टीम द्वारा पूरे मेहनत के साथ विशाल भगवा रैली में सभी युवा साथियो व मातृशक्ति के साथ बड़ी शानदार रूप में ओम बन्ना सा के दरबार के साथ रैली को निकाली गई । रैली समापन के बाद मीणा पैराडाइज में प्रोग्राम रखा गया जिसमे दिन रात लिंपी वायरस में सेवा कर रहे गौ सेवकों का सम्मान टीम सदस्यों का। पधारे अतिथि को माला पहनाकर व ओम बन्ना सा की फोटो देकर सम्मान किया गया। व महाआरती का प्रोग्राम रखा गया। बालिकाओं द्वारा केक कटवा कर ओम बना सेवा सेवा संस्था जयपुर का स्थापना दिवस मनाया गया आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं । पधारे हुए सभी भक्तो का सदैव आशीर्वाद बना रहे।

रामचरितमानस का 40वॉ अखण्ड पठन का श्री काले महादेव जी मंदिर में शुभारंभ हुआ

मरूधर विशेष/लोकेश चौधरी

ग्राम पंचायत पीथावास हाथोज़ में श्रीशिव आराधना संघ हाथोज द्वारा श्री अश्विन शुक्ल विक्रम संवत 2079 शाके 1944 से नव दिवशीय श्री रामचरितमानस का 40वॉ अखण्ड पठन का श्री काले महादेव जी मंदिर में शुभारंभ हुआ। शिव परिवार और भगवान श्री राम की मनमोहक झांकी सजाई गई। संघ के अध्यक्ष कैलाश प्रशाद शर्मा ने पूजा अर्चना की ओर गाँव की खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर सुरज्ञान सिंह,शंकर लाल जांगिड, डिस्टिक मजिस्ट्रेट सोहन लाल शर्मा,शिक्षाविद दिनेश शर्मा, नवर% कुमावत, छीतरमल जांगिड़,भवँर प्रजापति,सुभाष पाराशर,मनीष कुमावत, जय जांगिड,रोहित कुमार,विश्वनाथ,मनदीप आदि संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

अग्रसेन जयंती के अवसर पर विशाल ध्वज वाहन यात्रा निकाली

मरूधर विशेष/विवेक गुप्ता

आज अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रयुवा शक्ति विद्याधर नगर के द्वारा विद्याधर नगर विधानसभा की विशाल ध्वज वाहन यात्रा निकाली गई। अग्रयुवा शक्ति की सदस्य गीतांजलि खेमका ने बताया की यात्रा परशुराम सर्किल विद्याधर नगर से रवाना होकर शास्त्री नगर, चांदपोल ,छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़,जौहरी बाजार होते हुए अग्रवाल भवन अग्रवाल कॉलेज पहुंची। यात्रा में सैकड़ों अग्र बंधु अपने अपने स्कूटर, बाइक, कार पर अग्रसेन महाराज के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा का अग्रवाल कॉलेज पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। ध्वज यात्रा को रीको निदेशक सीताराम अग्रवाल ने रवाना किया।

जाटव बैरवा समाज के सरपंचों की समाज फैली कुरीतियों को लेकर हुई बैठक

मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

कठूमर। खेड़ली कस्बे के गांधी पार्क में सोमवार को जाटव बैरवा समाज के सरपंचों की बैठक खोंकर सरपंच प्यारेलाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समाजसेवी आदित्येन्द्र खेरली रेल ने बताया कि आगामी दिनों में कठूमर क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्य,समाज के पूर्व सरपंचों एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ क्षेत्र में गांव ढाणियों में जाकर लोगों को समाज में फैली कुरीतियों जिनमें दहेज प्रथा, मृत्यु भोज शराबबंदी के लिए जागरूक किया जाएगा। और आगामी समय में क्षेत्र में प्रमुखता से सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष जोरमल जाटव, सोंखरी सरपंच देवी सिंह, टिकरी सरपंच दिनेश, रेटा सरपंच गिल्या राम, खेरली रेल सरपंच प्रशांत सिंह नाटोज सरपंच हेमंत बैरवा,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बृजलाल, जाडला सरपंच हरिकिशन, खोह सरपंच अमरसिंह, आदित्येंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

जागीवाड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति संचालन मंडल अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

मुंडावर। सहकारिता विभाग के अधीन संचालित जागीवाडा ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के संचालन मंडल के अध्यक्ष पद पर डॉक्टर जगदीश जाट को सभी सदस्यों की सहमति से निर्विरोध निर्वाचित किए गए । चुनाव अधिकारी बाबूलाल मीना ने बताया कि सोडावास ग्राम सेवा सहकारी समिति के सभी विजयी सदस्य मौजूद रहे । सदस्यों ने अपनी सूझबूझ दिखाते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर डॉक्टर जगदीश जाट को निर्विरोध चुन लिया । चुनाव अधिकारी मीना ने सभी विजयी सदस्यों व अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को शपथ दिलाई । सभी को प्रमाण पत्र दिए । इस मौके पर पूर्व सरपंच हनुमान शर्मा एस एस अध्यक्ष पदमाडा ,विनोद मैनेजर,एडवोकेट सुमेर मीणा, विजय सांवरिया,अलवर युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, एम पी एस घनश्याम, राजवाड़ा जीएसएस अध्यक्ष बलबीर चौधरी, पूर्व सरपंच जसाई रामकुमार, मुंडनवाड़ा सरपंच दिलीप यादव,जगमाल यादव, हरीश ठेकेदार,सर्वजीत यादव, सतपाल चौधरी, जगबीर गोलहेड़ा,गुलाब ,कमल टोडरपुर जगदीश यादव, सहित ग्रामीण मौजूद रहे ।

कस्बे के गैलेक्सी स्कूल में बच्चो द्वारा बनाई ज्ञान वर्धक कम्प्यूटर की प्रदर्शनी

मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

कठूमर। कस्बे के गैलेक्सी स्कूल में विज्ञान, गणित, हिन्दी, अंग्रेजी, कम्प्यूटर की प्रदर्शनी लगाई गई और पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। गैलेक्सी स्कूल के प्रबंधक मनोज चौधरी ने बताया कि कम्प्यूटर की प्रदर्शनी में बच्चो द्वारा ज्ञान वर्धक प्रदर्शनी बनाई इन प्रदर्शनियों को अभिभावकों द्वारा खूब सराहा गया। बच्चो में नई तकनीकी शिक्षा का अनूठा समागम दिखा। इस प्रदर्शनी में गैलक्सी एकेडमी के बच्चो ने समस्त विषय विज्ञान, गणित, हिन्दी, अंग्रेजी, कम्प्यूटर प्रोजेक्ट को अलग अलग व अनूठे ढंग से प्रस्तुत किया। जिसे अभिभावकगणों ने एक अनूठी पहल है। जो कठूमर कस्बे में गैलेक्सी एकेडमी द्वारा रखी गई उसे खूब सराहा गया एकेडमी के डायरेक्टर रमेश चौधरी ने बताया की इससे बच्चो को मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूती मिलेगी।

ग्राम सेवा सहकारी समिति कालबाड़ी में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्विरोध हुआ निर्वाचन

मरूधर विशेष /दिनेश लेखी

कठूमर। उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम सेवा सहकारी समिति कालबाड़ी में रविवार को अध्यक्ष पद पर अशोक सिंह नरूका व उपाध्यक्ष पद पर सुखचन्दी वैध का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। निर्वाचन अधिकारी महेश चंद शर्मा ने बताया कि ग्राम सेवा सहकारी समिति कालबाड़ी के अध्यक्ष अशोक सिंह नरूका व उपाध्यक्ष सुखचन्दी वैध एवं संचालक मंडल में मुकेश मीणा, काडूराम मीणा , कंवर चंद मीणा ,राजेंद्र नरूका, बहादुर सिंह, शांति देवी, रामजीलाल मीणा व हरी राम शर्मा का निर्वाचन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच श्रवण कुमार, दयाराम प्रजापत ,हरिकिशन मैनेजर मुकेश शर्मा ,तारेश जाटव, राकेश मीणा, विजेंद्र सिंह चौहान ,केशव पटेल आदि सैकड़ों की संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा।

नवरात्रि स्थापना पर जगह जगह स्थापना की गई

कुशलगढ़

आज नवरात्रि स्थापना पर जगह जगह स्थापना की गई कुशलगढ़ मगरी माता पर अंबा माता मंदिर कुशलगढ़ प्रसिद्ध काला गोरा भैरव मंदिर पर और कई जगह लोगों ने नवरात्रा स्थापना की गई वह अपने अपने घरों में भी लोगों ने स्थापना की और माता जी की 9 दिन सेवा पूजा अर्चना करेंगे सुख समृद्धि की कामनाएं करेंगे कुशलगढ़ काला गोरा भैरव मंदिर पर भेरू जी का सिंगार कर चोला चढ़ाया गया और मंदिर के ऊपर ध्वजा चढ़ाई गई कुशलगढ़ नगर के मनसुखलाल पिता हसमुखलाल गा दिया की ओर से चांदी के मुकुट और छत्र चढ़ाए गए और धूमधाम से आरती उतारी गई और महा प्रसादी वितरण की गई इस अवसर पर भेरुजी की सेवक

गोरी बुआ शानू बुआ कमलेश राठौर मिथलेश बसेर कमलेश मोदी महेंद्र खबरिया संजय नाहटा मुकेश बरोदिया सुनील शर्मा पवन राठौर नाना टेलर अजय लश्कर रितेश गाजिया पार्षद नरेश गा दिया मयंक टेलर राकेश बैरागी और राकेश प्रजापत पुजारी जगदीश बैरागी गोपाल राठौड़ शहीत बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी और भैरवनाथ सेवा समिति कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

सौम्या गुर्जर के खिलाफ बड़ा एक्शन ले सकती है सरकारःपार्षद और मेयर पद की सदस्यता खतरे में, सरकार को दिया 2 दिन समय पूरा हुआ

जयपुर।

जयपुर नगर निगम ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर के खिलाफ गहलोत सरकार जल्द बड़ा एक्शन ले सकती है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने और आदेशों की कॉपी मिलने के बाद ऐसे कयास लगाए जा रहे है कि सौम्या को भी पार्षद और मेयर पद की सदस्यता से हटाया जा सकता है। सूत्रों की माने तो स्वायत्त शासन विभाग ने मेयर को पद से बर्खास्त करने प्रस्ताव भी तैयार कर लिया है। जल्द ही मंजूरी के लिए नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल को भिजवाया जा सकता है। वहीं, दूसरी तरफ मेयर के पास अब एक ही विकल्प बचा है और वे कल हाईकोर्ट जाकर न्यायिक जांच को चुनौती दे सकती है।

2 दिन का समय हुआ पूरा

23 सितम्बर को सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेशों में सरकार को 2 दिन तक किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं करने के लिए कहा था। 25 सितम्बर को वह दो दिन का समय पूरा हो गया है। आज सरकार कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है। हालांकि लॉ डिपार्टमेंट से जुड़े पूर्व विशेषज्ञों की माने तो कोर्ट के आदेशों में सौम्या गुर्जर को हाईकोर्ट जाने का भी अधिकार है।

मेयर कल जा सकती है हाईकोर्ट

इधर जयपुर मेयर सौम्या गुर्जर के पास अब केवल हाईकोर्ट जाने का विकल्प बचा है। विधि विशेषज्ञ अशोक सिंह की माने तो सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश जारी किए है उसके तहत मेयर सौम्या गुर्जर न्यायिक जांच की रिपोर्ट को हाईकोर्ट में चैलेंज कर सकती है। यह उनके पास एक विकल्प है। वहीं सरकार के पास भी अधिकार है कि वह न्यायिक जांच की रिपोर्ट के आधार पर आगे कोई भी नियमानुसार कार्यवाही कर सकती है।

ये है पूरा विवाद और यूं चला पूरा घटनाक्रम

4 जून 2021 को जयपुर नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में मेयर सौम्या गुर्जर, तत्कालीन कमिश्नर यज्ञमित्र सिंह देव और अन्य पार्षदों के बीच एक बैठक में विवाद हुई। कमिश्नर से पार्षदों और मेयर की हॉट-टॉक हो गई। कमिश्नर बैठक को बीच में छोड़कर जाने लगे। इस दौरान पार्षदों ने उन्हें गेट पर रोक दिया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। कमिश्नर ने पार्षदों पर मारपीट और धक्का-मुक्की करने का तीनों पार्षदों पर आरोप लगाते हुए सरकार को लिखित में शिकायत की और ज्योति नगर थाने में मामला दर्ज करवाया।

5 जून को सरकार ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए मेयर सौम्या गुर्जर और पार्षद पारस जैन, अजय सिंह, शंकर शर्मा के खिलाफ मिली शिकायत की जांच स्वायत्त शासन निदेशालय की क्षेत्रिय निदेशक को सौंप दी।

ह्य6 जून को जांच रिपोर्ट में चारों को दोषी मानते हुए सरकार ने सभी (मेयर और तीनों पार्षदों को) पद से निलंबित कर दिया। इसी दिन सरकार ने इन सभी के खिलाफ न्यायिक जांच शुरू करवा दी।

7 जून को राज्य सरकार ने एक आदेश जारी करते हुए पार्षद शील धाबाई को कार्यवाहक मेयर बना दिया।

सरकार के निलंबन के फैसले को मेयर सौम्या गुर्जर ने हाईकोर्ट में चुनौती दी, लेकिन 28 जून को हाईकोर्ट ने मेयर को निलंबन आदेश पर स्टे देने से मना कर दिया।

जुलाई में सौम्या गुर्जर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर न्यायिक जांच रूकरवाने और निलंबन आदेश पर स्टे की मांग की।

1 फरवरी 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने निलंबन ऑर्डर को स्टे दे दिया, जिसके बाद 2 फरवरी को सौम्या गुर्जर ने वापस मेयर की कुर्सी संभाली थी।

11 अगस्त 2022 को सौम्या और 3 अन्य पार्षदों के खिलाफ न्यायिक जांच की रिपोर्ट आई, जिसमें सभी को दोषी माना गया। 22 अगस्त को सरकार ने वार्ड 72 से भाजपा के पार्षद पारस जैन, वार्ड 39 से अजय सिंह और वार्ड 103 से निर्दलीय शंकर शर्मा की सदस्यता को खत्म कर दिया है। इन पार्षदों को भी सरकार ने इसी न्यायिक जांच के आधार पर पद से हटाया है। इसके बाद सरकार ने 23 सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर न्यायिक जांच की रिपोर्ट पेश की और मामल की जल्द सुनवाई की मांग की। 23 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद सरकार को कार्यवाही के लिए स्वतंत्र करते हुए याचिका का निस्तारण कर दिया।

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कुशलगढ़ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म जयंती पर कमल उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

कुशलगढ। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कुशलगढ़ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म जयंती पर कमल उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम बूथ क्रमांक 173 174 175 176 का बूथ सम्मेलन औदीच्य ब्राह्मण समाज के भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी सोशल मीडिया प्रदेश समन्वयक विवेक रावत मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया बूथ अध्यक्ष गिरिराज ठाकुर राहुल पंड्या मुर्तुजा दरवाजा वाला मनीष मईडा वही बूथ क्रमांक 177 178 179 180 181 182 बूथ सम्मेलन तेली राठौर समाज यह भवन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष जाबिर मकरानी कैलाश लक्ष्य कार जगदीश चौहान अंकित चौकलिया भावेश अहारी उपस्थित थे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष बबलू मईडा नगरपालिका उपाध्यक्ष नितेश बैरागी भाजपा संपर्क प्रमुख लीलाजी पडियार महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष नम्रता जैन आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रथीक मेहता भाजपा नेता हेमेंद्र पंड्या रितेश बम रितेश गादिया लोकेंद्र टेलर

नगर एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गणपत लाल पटेल। नगर मंडल महामंत्री दिलीप टेलर महावीर कोठारी नगर मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह झाला मुस्ताक मकरानी हितेश पडियार सौरभ गादीया भूपेंद्र टेलर प्रकाश टेलर अशोक मामा रमन भाई टेल दिनेश महोदया रवि पंचाल भगवती राठौड़ जितेंद्र पडियार कमलेश पंचाल कैलाश बैरागी मनोज सोनी मंत्री राजेश भाटिया पार्षद नरेश गादीया जितेंद्र अहारी दिनेश परिहार पार्षद राहुल भोई राहुल सोनी संजय चौहान युवा मोर्चा के जिला प्रवक्ता मुकेश कलावा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रीतेश पंड्या मयंक टेलर एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ये जानकारी महामंत्री महावीर कोठरी ने दी।

बहरोड़ मे वर्ल्ड कैफे का किया शुभारम्भ

मरुधर विशेष/ नरेन्द्र शास्त्री

बहरोड़। क्षेत्र के बहरोड़ कस्बे मे नया बस स्टैंड पर वर्ल्ड कैफे का शुभारंभ किया गया , फीता काटकर उद्घाटन मुख्य अतिथि संजय मीर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया , इस अवसर पर संजय मीर भाजपा मंडल अध्यक्ष, कमल हौंडा, लोकेश यादव, कमल कुमार, नरेंद्र कुमार, कपिल , दयानंद यादव पंच , कपिल, अमरसिंह पंच ,ललित यादव राठ इंस्टीट्यूट, सुरेन्द्र,राजवीर, मनिष मन्नु , हेमन्त आदि उपस्थित रहे।

सेवा और समर्पण सप्ताह के अंतर्गत बांसवाड़ा भाजपा महिला मोर्चा ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के अतंर्गत उत्तर कालिका माता मंदिर पर आरती उतारी

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

बांसवाड़ा। सेवा और समर्पण सप्ताह के अंतर्गत बांसवाड़ा भाजपा महिला मोर्चा ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के अतंर्गत उत्तर कालिका माता मंदिर पर महिला मोर्चा की तरफ से आरती उतारी गई जिसमें जिलाध्यक्ष गोविन्द सिंह जी राव महामंत्री मुकेश रावत बलवीर रावत जिलाध्यक्ष शीतल भंडारी बांसवाड़ा प्रधान बलवीर रावत युवा मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष अनिल गहलौत राहुल गणावा विजेन्द्र सिंह सुनिल किर्तेश पार्षद महेंद्र सिंह टोनी शालिनी जैन भारती जिला परिषद सदस्य पिंटू चरपोटा प्रधान निर्मला मकवाना शर्मा भारती भोई मिल्कियत कोर मोनिका भोई विष्णु कुंवर गायत्री शर्मा राजेश्वरी चौधरी नुपुर शाह आशा वाडिया कमलेश कुंवर शक्तावत अनिता आडवाणी सुनिता सैनि ऊषा जगदीश वैष्णव ऊषा प्रवीण वैष्णव राखी कंसारा धर्मिष्ठा भाटि कला अग्रावत देविदास जी अग्रावत वर्षा महेंद्र सिंह मोहनदास जी वैष्णव प्रदीप सिंह जी चौहान आदि उपस्थित रहेाये जानकारी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा श्रीमती शीतल भंडारी ने दी।

ग्राम मसारी में विकास अधिकारी यशवंत कुमार शर्मा का सर्व समाज ने किया स्वागत सम्मान

मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी

कठूमर। पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम मसारी में सोमवार को सर्व समाज द्वारा विकास अधिकारी यशवंत कुमार शर्मा जगह-जगह स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि विकास अधिकारी यशवंत शर्मा मूलतः ग्राम मसारी के निवासी हैं। ग्राम मसारी उनकी जन्मभूमि है। जिस कारण ग्राम वासियों ने हर्षोल्लास से विकास अधिकारी का साफा बंधन व माल्यार्पण करते स्वागत किया गया । स्वागत में रिमांशु शर्मा, ग्राम पंचायत मसारी के सरपंच गुड्डू शर्मा, डायरेक्टर चुनाव में प्रत्याशी रहे भोला नेता, ओमप्रकाश , संतोष, मदन,फूल सिंह,खेम आदि मौजूद रहे। वही ग्राम पंचायत मसारी के इंदिरा कॉलोनी वासियों ने विकास अधिकारी को जाटव बस्ती स्कूल में भयंकर पानी भराव की समस्या के बारे में अवगत कराया जिस पर विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत को उचित समाधान के निर्देश प्रदान किये।

वीरेंद्र पंडित को सरपंच संघ प्रदेश महासचिव राजस्थान बनने पर ग्रामीणों ने लड्डू बांटकर किया जोरदार स्वागत किया

मरुधर विशेष /हवासिंह चौधरी

मुंडावर। उपखण्ड छेत्र से ग्राम पंचायत जसाई के सरपंच वीरेंद्र पंडित को सरपंच संघ प्रदेश महासचिव राजस्थान बनने पर ग्रामीणों ने लड्डू बांटकर किया जोरदार स्वागत किया।इस मौके पर हरिसिंह चौधरी ने बताया कि जसाई सरपंच वीरेंद्र शर्मा ने पंचायत में बहुत से विकाश कार्य किए हैं और हर वक्त गरीबों की सहायता के लिए उनके साथ खड़ा रहता हैं व सामाजिक कार्य करता रहता हैं। इस मौके पर रामकुमार पूर्व सरपंच, डॉक्टर फूल सिंह चौधरी, राजेंद्र मास्टर, हरि सिंह हवलदार, विजेंद्र स्वामी, रामनिवास मीणा, रघुवीर, बस्तीराम ठेकेदार, विक्रम यादव मास्टर, देवा पंडित, पूरन ट्रेलर, रामायण पंच, राम सिंह पंच, मदन टेलर, लीला राम चौधरी, नरेंद्र चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, राहुल चौधरी, कपूर डांगी, जगदीश चौधरी, ईश्वर पंच, राजपाल, हंसराज चौधरी,सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

मरुधर विशेष आमिर खान कामां

जुरहरा थाना पुलिस ने अवैध देसी शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है अवैध देसी मस्ताना ब्रांच हरियाणा मार्का के 102 पव्वो के साथ आरोपी संजय कुमार पुत्र रून्नी निवासी नौनेरा को गिरफ्तार किया है जुरहरा थाना अधिकारी जय प्रकाश परमार ने बताया कि भरतपुर पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह व अतिश्र पुलिस अधीक्षक हिम्मत सिंह कामां के निर्देशन पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए मुखबिर की खास सूचना पर जुरहरा क्षेत्र के गांव नोनेरा में संजय कुमार पुत्र रून्नी अपने घर के सामने अवैध देसी शराब बेच रहा है जिस पर पुलिस द्वारा टीम गठित की गई और आरोपी के घर पर दबिश दी जहा आरोपी के घर से पुलिस ने अवैध देसी मस्ताना ब्रांड हरियाणा मार्का के 102 पव्वों के साथ संजय कुमार पुत्र रून्नी निवासी नोनेरा को गिरफ्तार कर लिया आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुट गई है

पंजाबी राजपूत समाज की बैठक आयोजित, मृत्युभोज पर रोक लगाने के लिए हुई चर्चा

मरुधर विशेष आमिर खान कामां

कामां- पंजाबी राजपूत समाज की बैठक कामां कस्बे के क्षेत्रीय आर्य समाज मंदिर में समाज के प्रधान निहालसिंह तरगोतरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई7 बैठक में नवरात्रा स्थापना के अवसर पर हवन यज्ञ आयोजित कर प्रसाद वितरित किया गया। और समाज के वयोवृद्ध भामाशाह मंगलदेव आर्य सबलाना के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। पंजाबी राजपूत समाज के प्रवक्ता रवि कुमार ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से मृत्यु भोज सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा कर उनके निवारण के बारे में चर्चा की गई7 बैठक में समाज के अध्यक्ष निहाल सिंह ने कार्यकारिणी का पुनर्गठन करने के उद्देश्य से पुरानी कार्यकारिणी भंग कर दी और समाज के लोगों से अपील की कि इच्छुक लोग समाज की नई कार्यकारिणी में शामिल होकर समाज सेवा में सहयोग करें7 नई कार्यकारिणी के गठन के लिए आगामी बैठक 5 अक्टूबर विजयदशमी के दिन निर्धारित की गई है7 बैठक में मानसिंह अध्यापक, डॉ रविंद्र तरगोतरा ,आर्य समाज के प्रधान बूटाराम लाहोरिया, डॉ शक्ति सिंह सबलाना,ऋषिपाल मूसेपुर, बलदेव व सुरेंद्र छिछरवाडी वासुदेव नंदेरा बास, अजय पाल बास करमूका, कीमती रोशियाका,बिट्टू व गौरी संधू ऊंधन, किशन लाहोरिया सहित समाज के अन्य लोग मौजूद थे ।